दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 24 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 245 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे







**जम्मू।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह परिस्थितियों के अनुकूल रहने पर रविवार को किश्तवाड़ के दौरे पर आएंगे। वह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ चशोती जाकर राहत कार्यों का जायजा लेने के अलावा पीड़ितों से भी मिलेंगे। क्षामंत्री पीड़ितों के लिए राहत पैकेज का एलान कर सकते हैं। बता दें कि 14 अगस्त को चशोती में बादल फटने से 65 लोगों की मौत हो गई थी। साथ ही गांव भी बाढ़ की चपेट में आया था। अधिकारियों के अनुसार राजनाथ और मनोज सिन्हा नौ दिनों से सुरक्षा कर्मियों व एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा करेंगे। 16 अगस्त को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला नुकसान का आकलन करने के लिए चशोती गांव पहुंचे थे। सीएम ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

उसी दिन, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बचाव और राहत कार्यों की समीक्षा कर कहा कि प्राथमिकता उन लोगों का पता लगाना है जो लापता हैं। विपक्ष के नेता और वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील शर्मा घटना वाले दिन से गांव में डेरा डाले हुए हैं। सैन्य अधिकारियों से सुरक्षा परिदृश्य का लेंगे जायजा रक्षामंत्री राजनाथ सेना के वरिष्ठ अधिकारियों व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर के सुरक्षा परिदृश्य का जायजा लेंगे। वह सेना की आप्रेशनल तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर से जम्मू पहुंचेंगे। इस बीच, उत्तरी कमान के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने चशोती का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है।

# भारत में जारी है टिकटॉक पर प्रतिबंध

## सरकार ने एप अनब्लॉक करने का कोई आदेश जारी नहीं किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीनी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म टिकटॉक को अनब्लॉक करने का कोई आदेश जारी नहीं किया है। कुछ लोगों द्वारा अपने डेस्कटाप ब्राउजर पर टिकटॉक वेबसाइट एक्सेस करने के बाद इसे अनब्लॉक किए जाने से जुड़ी खबरें सामने आने लगीं।

**टिकटॉक को अनब्लॉक करने का कोई आदेश जारी नहीं किया :** हालांकि, आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार देर रात बताया कि भारत सरकार ने टिकटॉक को अनब्लॉक करने का कोई आदेश जारी नहीं किया है। ऐसा कोई भी बयान या खबर झूठी और भ्रामक है। जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवन घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़पों के बाद सरकार द्वारा ब्लॉक किए गए इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों में टिकटॉक भी शामिल था।

### टिकटॉक, यूसी ब्राउजर और शीन सहित 59 एप को ब्लॉक

शुरूआत में टिकटॉक, यूसी ब्राउजर और शीन सहित 59 एप को ब्लॉक किया गया था। बाद में पबजी सहित और भी एप को सरकार ने ब्लॉक कर दिया। सरकारी आदेश के अनुसार सभी प्लेटफार्म पर प्रतिबंध जारी है।




जून 2020 में जब भारत सरकार ने टिकटॉक और 58 दूसरे चाइनीज ऐप्स को बैन किया था, तो ये घोषणा बिना किसी वार्निंग के की गई थी। इससे भारत के 20 करोड़ एक्टिव टिकटॉक यूजर्स अचानक प्लेटफॉर्म से कट गए। सरकार ने टिकटॉक को 'डेटा प्राइवेसी' और 'नेशनल सिक्योरिटी रिस्क' बताते हुए ब्लॉक करने का फैसला लिया था। तब से अब तक यह ऐप भारत के सबसे बड़े मार्केट्स में से एक में बंद है।

भारत-चीन संबंधों में हालिया सुधार वापसी की अटकलों को और हवा दे रहा है। इस हफ्ते की शुरूआत में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की नई दिल्ली की यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकें शामिल थीं। दोनों पक्षों ने 'स्पष्ट और रचनात्मक' बातचीत के महत्व पर जोर दिया। इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री की चीन यात्रा बेहतर संबंधों का संकेत हो सकती है।

# दुकानों के किराये से लेकर मकानों के टैक्स तक मिली है हार

## पार्षद कर रहे हैं संघर्ष और वो कैसे बतायें कि उनकी है सरकार






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में विरोध की एक फायर सुलग रही है और कमाल ये है कि यहां सारे फ्लावर कमल के हैं। जो व्यापार मंडल हाउस टैक्स से लेकर दुकानों के किराये तक लखनऊ के चौखट पर हो आये। वो सारे भाजपा के शैडो व्यापार मंडल कहे जाते हैं। उनके अध्यक्षों ने बाकायदा भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। लेकिन जब वो अपने अधिकारों के लिए लड़ने निकले ता कहीं नहीं सुनी गई और उनकी सुनवाई पर ही ग्रहण लग गया। नगर निगम में जिन पार्षदों को जनता ने चुनकर भेजा था वो पार्षद जनता के लिए हाउस टैक्स की लड़ाई लड़ रहे हैं। सितम ये हुआ है कि जिन पार्षदों के सदन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव निरस्त हुआ। अब वो पार्षद मिनट्स बुक की लड़ाई लड़ते लड़ते थक गये। कोर्ट की तारीख आ गई। नगर निगम ने जवाब दाखिल कर दिया मगर पार्षदों को मिनट्स बुक नहीं मिली। जो पार्षद मिनट्स बुक के लिए धरने पर बैठे थे धीरे धीरे उन्होंने फिर सुर बदल लिये कि हमें तो मिनट्स बुक की जरूरत ही नहीं है। इन सबके बीच एक बड़ा सवाल ये है कि जनता ने सरकार बनाई, जनता ने जनादेश दिया और जनता के जनादेश पर शासनादेश भारी पड़ गया। सदन ने कहा बढ़ा हाउस टैक्स नहीं वसूला जायेगा और अधिकारियों ने कहा हमने रिपोर्ट शासन को भेज दी है। 1702 दुकानों के किराये की लड़ाई में पहली मेयर से दूसरी मेयर आ गईं लेकिन निगम ने स्पष्ट कर दिया कि किराया बढ़ेगा तो बढ़ेगा और व्यापारियों के आंदोलन से लेकर उनके ज्ञापन का कोई असर नहीं पड़ा। अब सवाल ये खड़ा हुआ है कि अगर फर्क पड़ना ही नहीं है तो फिर पार्षदों के सदन में चुने जाने का मतलब क्या है। अगर किराये की नीति में परिवर्तन होना ही नहीं है तो फिर व्यापार मंडलों को पहले ही कदम पर वापस क्यों नहीं भेजा जाता। सबसे बड़ी बात ये है कि सरकार भी फूल वालों की है और तकरार भी फूल वाले कर रहे हैं।

# ग्रामीण जोन पुलिस ने ढाई सौ मोबाइल पीड़ितों को लौटाए

## मोबाइल ट्रेस करने के मामले में मसूरी थाना पुलिस रही टॉप





### डीसीपी ग्रामीण ने बांटे फोन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत ग्रामीण जोन पुलिस ने अलग-अलग थानों साइबर सेल और सर्विलांस टीम की मदद से कुल ढाई सौ मोबाइल फोन जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है उनको बरामद कर उनके फोन स्वामियों को वितरित करने का काम किया है। शनिवार को पुलिस लाइन में डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी और अलग-अलग थानों की टीम ने जिन लोगों के मोबाइल बरामद हुए उन्हें सौंपने का काम किया। मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल उठे ,तो मोबाइल रिकवरी और ट्रेस करने के मामले में मसूरी थाना पुलिस टॉप पर रही। मसूरी थाना पुलिस द्वारा 71 लोगों के खोए, लूट और चोरी हुए मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द करने का काम किया गया।

### रिकवरी में मसूरी और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना रहे टॉप

करंट क्राइम : डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने जानकारी दी है कि मोबाइल बरामदगी करने के मामले में मसूरी थाने का रिकॉर्ड सबसे बढ़िया रहा। मसूरी थाना पुलिस द्वारा 71 लोगों के फोन लौटाए गए हैं। तो वहीं थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक द्वारा 50, थाना अंकुर विहार 30, थाना मुरादनगर 30, लोनी बॉर्डर 15, थाना मोदी नगर 12, थाना वेव सिटी 12, लोनी थाना 16, ट्रोनिका सिटी 8, निवाड़ी चार, भोजपुर दो का रिकवरी रेट रहा है।

### मोबाइल मिलने वालों के खिल उठे चेहरे, पुलिस को कहा थैंक यू

करंट क्राइम : जिन लोगों के मोबाइल चोरी या कहीं गुम हो गए थे, उनको उम्मीद नहीं थी कि उनके मोबाइल लंबे समय बाद मिलेंगे लेकिन पुलिस में सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर्ड पोर्टल के माध्यम, सर्विलांस व इनपुट जुटाकर ढाई सौ ऐसे लोगों के मोबाइल फोन लौटने का काम किया है, जिनके फोन चोरी, लूटे या गुश्शुदगी में दर्ज हुए थे। अब उन्हें पुलिस ने पहचान करवाकर के उनके पीड़ितों को पहुंचा है। जिसके बाद उन्होंने पुलिस का धन्यवाद किया और नामुमकिन सा नजर आने वाला काम जब हल हुआ तो उनके चेहरे भी खुशी से खिल उठे।

ॐ शांति



बड़े दुख के साथ सुचित किया जाता है कि मेरे
**पूज्य पिताजी श्री बी. आर. यादव जी**
का परलोक गमन 8 अगस्त, 2025 को हो गया है।
उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा निम्न कार्यक्रम अनुसार रखी गई है।

भजन, पुष्पांजलि: सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक

दिनांक: रविवार 24 अगस्त, 2025

स्थान: हिंदी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद

:: शोकाकुल ::
संतोष यादव (IAS) एवं समस्त परिवार

# चमोली के थराली में आधी रात फटा बादल, मची भारी तबाही

## एक लड़की मलबे में दबी, एक शख्स लापता, कई गाड़ियां मलबे में दबी

**देहरादून:** चमोली जिले के थराली में शुक्रवार रात बादल फट गया। डीसीआर चमोली ने टूनरी गदेरा में बादल फटने की सूचना दी है। तहसील थराली परिसर मे काफी मलबा आ गया है। यह मलबा घरों मे भी आ गया है। तहसील परिसर मे कुछ गाड़ियां भी मलबे में दबी हैं। सगवाड़ा गावं मे एक 20 वर्षीय लड़की की मलबे में दबने की सूचना है।

इसके अलावा चेपड़ों बाजार मे कुछ दुकान मलबे के कारण क्षतिग्रस्त हुई हैं। यहां एक शख्स के लापता होने की सूचना है। थराली ग्वालदम मार्ग मिंग्गदेरा बंद हो गया है। थराली सागवाड़ा मार्ग भी बंद है। एसडीआरएफ गौचर से घटना स्थल के लिए रवाना हुई है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस पर अफसोस जताया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर धामी ने लिखा है, जनपद चमोली के थराली क्षेत्र में देर रात बादल फटने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। इस सम्बन्ध में निरंतर स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं और स्वयं स्थिति की गहन निगरानी कर रहा हूं। ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।




उत्तराखंड में शनिवार से मौसम के तेवर तल्ख होने वाले हैं। आज देहरादून, बागेश्वर,नैनीताल और पिथौरागढ़ में कहीं कहीं भारी से बहुत भारी, बारिश और आकाश से बिजली चमकने का जारी किया गया है।



# वोटर अधिकार यात्रा : कटिहार शहर में पहुंचे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव, दोनों नेताओं ने किया 1.5 किमी लंबा रोड शो




**पटना।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा का आज 7वां दिन है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की आज कटिहार जिले में यात्रा सुबह 8 बजे वोटर अधिकार यात्रा कुसेर्ला चौक से शुरू होकर समेली, डूमर और गेड़ाबारी होते हुए कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र के सिमरिया पहुंचेगी। यहां एक घंटे का लंच ब्रेक होगा। इसके बाद शाम 4 बजे यात्रा कारगिल चौक से फिर से यात्रा शुरू होगी। अंबेडकर चौक, मोंगरा फाटक चौक, डंडखोरा और सौनैली मार्ग से होते हुए कदवा कुम्हरी पहुंचेगी। शाम 7:30 बजे राहुल गांधी एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद काफिला पूर्णिया जिले के लिए रवाना होगा।

राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा 17 अगस्त को बिहार के सासाराम से शुरू हुई है। इस यात्रा में इंडिया ब्लॉक में शामिल राजद के नेता तेजस्वी यादव सहित घटक दलों के सभी नेता भी शामिल हैं। 16 दिन की यह यात्रा लगभग 20 जिलों से होकर गुजरेगी और 1,300 किलोमीटर का सफर पूरा करेगी। एक सितंबर को पटना में बड़ी रैली के साथ यात्रा का समापन होगा।

### राहुल गांधी की यात्रा में मुस्लिम समुदाय की अपार भीड़ उमड़ी

भागलपुर में हुई राहुल गांधी की अगुवाई वाली वोटर अधिकार यात्रा में मुस्लिम समुदाय का हुजूम उमड़ा था। चम्पानगर नाथनगर तातारपुर इलाके में जबरदस्त भीड़ देखी गयी। इसपर बीजेपी विधायक इंजीनियर शैलेन्द्र ने तंज कसा है। विधायक इंजीनियर शैलेंद्र ने कहा कि आश्चर्य है कि राहुल गांधी को यात्रा करनी पड़ रही है। क्योंकि जो लोग उनकी यात्रा में शामिल होने के लिए आ रहे हैं खासकर मुस्लिम समुदाय के जो लोग हैं उनके तो हैं ही और उनका वह संरक्षण करते हैं कि तुम भारत के विरोध में कुछ भी करो सनातन के विरोध में कुछ भी करो हम तुम्हे संरक्षण देंगे। इसलिए उनके साथ है वो।

### राहुल गांधी मखाना किसानों के साथ तालाब में उतरे, जानी समस्याएं

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को अपनी वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कटिहार में मखाना किसानों से मिले और उनकी समस्याओं को जाना। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की आज की यात्रा भागलपुर के नवगछिया से शुरू हुई। यात्रा जब कटिहार के कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र में पहुंची, तब वे स्थानीय मखाना किसानों से मिले। इस दौरान वे किसानों के साथ तालाब में भी उतरे और मखाना निकाला। इस क्रम में उन्होंने किसानों से मखाना के तैयार होने की पूरी प्रक्रिया की भी जानकारी ली। राहुल ने किसानों की समस्याओं को भी जाना। इस क्रम में उनके साथ बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम भी थे।




**राहुल गांधी ने प्रिंसिपल से की मुलाकात :** शुक्रवार को वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी का काफिला शहर के नेट्रोडम स्कूल पर रुका। जहां राहुल गांधी ने अपने वाहन से उतरे और सड़क पर खड़े स्कूल के प्रिंसपाल सिस्टर सोनिया से मुलाकात की। वहीं, स्कूल के प्रबंधन ने बताया कि वोटर अधिकार यात्रा का काफिला इस ओर गुजर रहा था, वही स्कूल के पास सड़क किनारे स्कूल की प्रिंसपाल सिस्टर सोनिया और कई शिक्षिका साथ थी, तभी राहुल गांधी का काफिला स्कूल के पास रुका और वे वाहन से उतर कर प्रिंसपल से मुलाकत की।

**राहुल गांधी से मिले पूर्णिया सांसद पप्पू यादव :** कटिहार बिहार में वोटर अधिकार यात्रा का आज सातवां दिन है। राहुल गांधी तेजस्वी यादव सहित विपक्ष के सभी बड़े नेता आज कटिहार जिले में यात्रा कर रहे हैं। इस दौरान पूर्णिया सांसद पप्पू यादव भी कटिहार पहुंचकर वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए। और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव वोटर अधिकार यात्रा में होंगे शामिल

राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के साथ महागठबंधन में शामिल अन्य घटक दलों के नेता भी शामिल हो रहे हैं। बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ जारी इंडिया ब्लॉक की वोटर अधिकार यात्रा के तीसरे चरण में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। वे दो दिन 26 और 27 अगस्त को इस यात्रा से जुड़ेंगी। इसके अलावा तीसरे चरण में यूपी के पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी शामिल होंगे।

# अनिल अंबानी के घर पर सीबीआई की छापेमारी 17000 करोड़ के बैंक लोन फ्रॉड का मामला

**नई दिल्ली:** सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके मालिक अनिल अंबानी के ठिकानों पर छापे मारे। पीटीआई के अनुसार, यह कार्रवाई बैंक में धोखाधड़ी के एक मामले में की गई है। आरोप है कि इस धोखाधड़ी से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को लगभग 2000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

सीबीआई ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। सीबीआई का कहना है उसे इस मामले में कुछ गड़बड़ लग रही है। इससे पहले, 5 अगस्त को ईडी ने अनिल अंबानी से लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की थी। यह पूछताछ 17000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक लोन धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में थी।




**10 दिन का मांगा था समय :** अनिल अंबानी ने दस्तावेज जमा करने के लिए 10 दिन का समय मांगा था, लेकिन जांचकर्ता संतुष्ट नहीं हैं। ईडी को शक है कि यस बैंक द्वारा दिए गए लोन में गड़बड़ी हुई है और शेल कंपनियों के माध्यम से फंड को दूसरी जगह भेजा गया है। शेल कंपनियां ऐसी कंपनियां होती हैं जो सिर्फ नाम के लिए होती हैं और उनका कोई वास्तविक कारोबार नहीं होता।

**अरबों रुपये का कर्ज :** ईडी के आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड पर 5,901 करोड़ रुपये से अधिक, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड पर 8,226 करोड़ रुपये से अधिक और आरकॉम पर लगभग 4,105 करोड़ रुपये का कर्ज है। यह कर्ज लगभग 20 सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों के एक समूह का है, जिसमें यस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक शामिल हैं।

**सीबीआई ने कहा- कुछ तो गड़बड़ है :** सीबीआई के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इस मामले में कुछ गड़बड़ लग रही है। इसलिए उन्होंने रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ठिकानों पर तलाशी ली।

ईडी पहले से ही इस मामले की जांच कर रही है और अनिल अंबानी से पूछताछ कर चुकी है। अब सीबीआई भी इस मामले में शामिल हो गई है। इससे अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी।

# 'भारत जल्द ही गगनयान की उड़ान भरेगा' पीएम मोदी ने नेशनल स्पेस डे की बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी।

'अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल कर रहा भारत'

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल करना, ये भारत और भारत के वैज्ञानिकों का स्वभाव बन गया है। दो साल पहले ही भारत ऐसा पहला देश बना था जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का इतिहास रचा। हम उन देशों में भी शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष में डॉकिंग और अनडॉकिंग की क्षमता हासिल कर ली है।'




**आने वाले समय में अपना स्पेस स्टेशन बनाएगा भारत :** उन्होंने कहा कि 'शुभांशु शुक्ला ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर तिरंगा फहराकर हर भारतीय को गर्व से भर दिया। जब वो तिरंगा मुझे दिखा रहे थे, जो वो पल और अनुभूति थी। वो शब्दों से परे हैं। आज भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी अहम तकनीक की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही अपने वैज्ञानिकों की मेहनत से गगनयान भी सफलता की उड़ान भरेगा और आने वाले समय में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा।'

**अंतरिक्ष तकनीक से प्रशासन में मिल रही मदद :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मैंने लाल किले से कहा था कि हमारा रास्ता रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का रास्ता है। इसलिए बीते 11 वर्षों में देश ने स्पेस सेक्टर एक के बाद एक लगातार बड़े सुधार किए हैं। आज अंतरिक्ष तकनीक भारत में प्रशासन का हिस्सा भी बन रही है।

# 'मुझे तूफानों से जूझने की आदत, आसुरी शक्ति से डरने वाली नहीं', हमले पर बोलीं दिल्ली सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के वार्षिक दिवस समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान सीएम ने जनसुनवाई के दौरान उनपर हुए हमले पर टिप्पणी की। सीएम ने अपने ऊपर हुए हमले पर बोलते हुए कहा कि मैं असुरी शक्तियों से डरने वाली नही हूं, मुझे तूफानों से जूझने की आदत है। उन्होंने कहा कि आज मेरे साथ दिल्लीवालों के प्यार और आशीर्वाद के रूप में बड़ी ताकत मौजूद है।

वहीं, सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज एसआरसीसी के 99वें वार्षिकोत्सव पर परिसर में शिक्षकों और छात्रों से संवाद का अवसर मिला। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को ढेरों शुभकामनाएं। एशिया के सर्वश्रेष्ठ कॉमर्स कॉलेज का यह गौरवशाली सफर हम सबके लिए गर्व का विषय है। कॉलेज जीवन की यादें सचमुच सुनहरी होती हैं।



चाहे जीवन में हम कितनी भी ऊँचाइयाँ क्यों न छू लें, वे दिन हमेशा मन में ताजा रहते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा रही हूँ, इसलिए आज यह वातावरण मुझे अपने ही पुराने दिनों में लौटा ले गया। आज के युवाओं से अपील है कि अपने जीवन का एक हिस्सा राष्ट्र के उत्थान के लिए जरूर समर्पित करें। आइए, मिलकर एक नई, बेहतर और सशक्त दिल्ली बनाएं।'

**जन सुनवाई के दौरान सीएम पर हुआ था हमला :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 20 अगस्त की सुबह हमला हुआ था। दिल्ली सीएम हाउस में यह घटना घटी। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री रेखा साप्ताहिक जनसुनवाई कर रहीं थीं।

# आधी दिल्ली में 'अंधेरा' बिजली आपूर्ति अचानक ठप

## आठ लाख लोगों के घरों में जली मोमबत्ती

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति अचानक बंद होने से करीब आठ लाख लोग के घरों में अंधेरा छा गया। इस बिजली कटौती का असर रोहिणी, शालीमार बाग, सिविल लाइंस जैसे इलाकों पर पड़ा। बिजली बंद होने की वजह 220 किलोवाट ग्रिड से आपूर्ति में 550 मेगावाट की अचानक कमी बताई गई है।

**प्रभावित इलाकों की सूची :** तत्काल बिजली वितरण लिमिटेड (टीपीडीडीएल) के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस बिजली कटौती से रोहिणी, शालीमार बाग, पितमपुरा, केशवपुरम, अशोक विहार, सिविल लाइंस, शक्ति नगर, मॉडल टाउन, वजीरपुर, रानी बाग, हैदरपुर, संजय गांधी, भलस्वा, बदली, जिरकपुर और जहांगीरपुरी जैसे इलाके प्रभावित हुए। इन सभी जगहों पर बिजली सप्लाई बाधित हुई।



प्रवक्ता ने कहा कि बिजली कटौती शाम 6:30 बजे शुरू हुई और अब इसे चरणबद्ध तरीके से बहाल किया जा रहा है। इसके लिए डिस्कॉम की टीमें तुरंत काम पर लग गईं। ट्रांसमिशन कंपनियों के साथ मिलकर वैकल्पिक स्त्रोतों से बिजली की व्यवस्था की जा रही है ताकि जल्द से जल्द आपूर्ति सामान्य हो सके।

# बक्सर में मारपीट के बाद सांप्रदायिक तनाव

## एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**मेरठ।** मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र के लू-बक्सर गांव में शुक्रवार को मामूली विवाद साम्प्रदायिक तनाव का कारण बन गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सारिक अपनी महिंद्रा पिकअप तेज गति से चला रहा था, जिसका बेगराज ने विरोध किया। इस बात पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान धारदार हथियार भी चले, जिसमें एक पक्ष से ललिन, सौरभ, आदेश और गौरव घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से फारूख, इकराम और अनस को चोटें आईं ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



इस बीच, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे गांव में तनाव और बढ़ गया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए एसएसपी विपिन ताड़ा भारी पुलिस बल के साथ बक्सर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित पक्ष से बातचीत की और गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी।

# दिल्ली में आठ साल की बच्ची को कुत्ते ने बुरी तरह काटा



**नई दिल्ली।** शाहदरा के जगतपुरी इलाके में पड़ोसी के कुत्ते ने आठ साल की बच्ची को बुरी तरह से काट लिया। परिवार वालों ने उसे पास के हेडगेवार अस्पताल ले गए, जहां से उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने पड़ोस की महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर मामले की जांच कर रही है। बच्ची अपने परिवार के साथ कृष्णा नगर के न्यू गोविंदपुरा में रहती हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। रविवार 24 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Himanshulove Sharma is with Aanchal Sharma and 14 others.
2h

दफ्तर के बाहर के नाम पट बदले हैं
भीतर की पद्धतियां वैसी की वैसी है
कहने को परिवर्तन आया तो है
लेकिन भीतर की पद्धतियां वैसी की
वैसी है

# गाजियाबाद मास्टर प्लान-2031 को मिली मंजूरी

## 66 लाख की जनसंख्या के आधार पर तैयार की गई पुनरीक्षित महायोजना 2031

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद, लोनी और मोदीनगर के लिए तैयार महायोजना-2031 को उत्तर प्रदेश शासन से अंतिम स्वीकृति मिल गई है। इस योजना के लागू होने के बाद क्षेत्र में विकास की गति को एक नई दिशा मिलेगी और शहरी ढांचे का सुनियोजित विस्तार सुनिश्चित किया जा सकेगा।




महायोजना-2031 में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी गई है। योजना के अनुसार, दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर और मेट्रो की रेड और ब्लू लाइन के आसपास के क्षेत्रों को विशेष रूप से विकसित किया जाएगा। इसमें लगभग 4200 हेक्टेयर क्षेत्र को ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट जोन और 900 हेक्टेयर को स्पेशल डेवलपमेंट एरिया के रूप में चिह्नित किया गया है।

इन क्षेत्रों में उच्च फ्लोर एरिया रेशियो के साथ मिक्स्ड यूज डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आवासीय, वाणिज्यिक और मनोरंजन सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी बड़ा विस्तार प्रस्तावित है।

### महायोजना 2031 की प्रमुख विशेषताएं

नए औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब : महायोजना के तहत, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के पास नए औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए गए हैं। इसके साथ ही, दो ट्रांसपोर्ट नगर, दो लॉजिस्टिक्स पार्क, और चार ट्रक पार्किंग क्षेत्र भी बनाए जाएंगे, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

**ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट** : इस नीति के तहत, रैपिड रेल और मेट्रो कॉरिडोर के आसपास आवासीय, व्यावसायिक और मनोरंजक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। गाजियाबाद और मोदीनगर में आरआरटीएस कॉरिडोर के 1.5 किलोमीटर के दायरे में लगभग 4200 हेक्टेयर क्षेत्र को ळडऊजोन में शामिल किया गया है। मेट्रो कॉरिडोर की रेड और ब्लू लाइन के 500 मीटर के दायरे में 630 हेक्टेयर क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। इन क्षेत्रों में फ्लोर एरिया रेशियो को 1.5 से बढ़ाकर 5.0 कर दिया गया है, जिससे अधिक निर्माण की अनुमति होगी।

**स्पेशल डेवलपमेंट एरिया** : आरआरटीएस के दुहाई और गुलधर स्टेशनों के पास 900 हेक्टेयर का स्पेशल डेवलपमेंट एरिया विकसित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में मिश्रित भू-उपयोग की अनुमति होगी, जिससे एक ही इमारत में या एक ही स्थान पर आवासीय और व्यावसायिक दोनों तरह की गतिविधियां संभव होंगी।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के पास नए औद्योगिक क्षेत्रों की योजना बनाई गई है। यह पहल वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना को भी सशक्त बनाएगी। इसके अलावा, महायोजना में दो ट्रांसपोर्ट नगर, दो लॉजिस्टिक पार्क और चार ट्रक पार्किंग क्षेत्रों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे गाजियाबाद क्षेत्र का लॉजिस्टिक नेटवर्क और अधिक मजबूत होगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण यानि जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा, यह योजना बीते पाँच वर्षों से प्रक्रिया में थी। शासन से इसकी स्वीकृति मिलना गाजियाबाद के लिए बड़ी उपलब्धि है।

यह मास्टर प्लान गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी की दिशा में आगे ले जाएगा।

### महायोजना 2031 से गाजियाबाद में बढ़ेगा निवेश : अतुल वत्स

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद, लोनी और मोदीनगर के लिए महायोजना 2031 के प्रभावी होने से जिले में निवेश और औद्योगिक विकास की संभावनाएं बढ़ गई हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह महायोजना उत्तर प्रदेश सरकार के एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### जनसंख्या और अन्य योजनाएं

करंट क्राइम। महायोजना 2031 को 66 लाख की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर तैयार किया गया है। महायोजना में 15 प्रतिशत आवासीय, 15 प्रतिशत व्यावसायिक, और 20 प्रतिशत ग्रीन एरिया में वृद्धि का प्रस्ताव है। 24 मीटर चौड़ी सड़कों पर स्थित भूखंडों के मालिक अब नीचे दुकान और ऊपर मकान की योजना का लाभ उठा सकेंगे। जिन लोगों ने पहले से ऐसा निर्माण किया है, उन्हें नक्शा प्रस्तुत कर कंपाउंडिंग (शमन) कराने का मौका दिया जाएगा। गाजियाबाद में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण पर भी विचार किया जा रहा है, जो जीडीए द्वारा या पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बनाया जा सकता है। प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अतुल वत्स के नेतृत्व में गाजियाबाद के लिए यह एक बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि महायोजना में गाजियाबाद को 15 जोन में बांटा गया है और अगले सप्ताह जोनल प्लान के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## आईपीएल में सट्टा हारने के बाद वाहन चोर बन गया आरोपी

## 6 बाइकों के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो आईपीएल में सट्टे में भारी मात्रा में पैसे हार गया था। उधार चुकाने के लिए फिर उसने आकाश और आलोक नाम के आरोपी के साथ मिलकर वाहन चोरी शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र कुमार मांझी निवासी खोड़ा कॉलोनी बिहार 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर चोरी की आधा दर्जन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। बताया जा रहा है यह अपने साथियों के साथ मिलकर वाहन चोरी किया करता था। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने जानकारी दी है कि पूछताछ में आरोपी नरेंद्र कुमार मांझी ने बताया है कि वह रैपिड बाइक चलाता था। अधिक पैसे कमाने के चक्कर में उसने आईपीएल में सट्टा लगा दिया, मैच में सट्टा हार गया। जिसके बाद उसने पैसे ब्याज पर लेकर चुकाने शुरू किए। पैसे चुकाने के चक्कर में उसने वाहन चोरी का धंधा शुरू कर दिया। पुलिस बता रही कि अबतक यह गिरोह दर्जनों वाहन चोरी कर चुका है।



### पुलिस कर रही है साथियों की तलाश



करंट क्राइम : इस मामले में एसीपी वेव सिटी प्रियश्री पाल ने जानकारी दी है कि आरोपी नरेंद्र के साथी आकाश और आलोक की पुलिस तलाश कर रही है। जल्द ही उनको भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## महंगा पड़ गया जब कांग्रेस नेता के अधिवक्ता पुत्र को 112 पर कॉल करना

## अवैध कब्जे की शिकायत पर पुलिस ने कहा, तू अपनी दुकान के कागज दिखा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस वालों के स्टार इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं। हाल ही में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे और वर्तमान में प्रदेश सचिव बिजेन्द्र यादव मंडी में हुए बवाल के बाद जेल भेजे गये। वो जमानत पर बाहर आये और अभी ये मामला पूरी तरह सुलझा भी नहीं था कि गुरूवार की रात कब्जे को लेकर अजीब ही जज्बे के साथ पुलिस और अधिवक्ता आमने सामने आ गये। मामला कांग्रेस नेता के पुत्र से जुड़ा है। बताया जाता है कि बस अड्डे के पास 300 गज का एक भूखंड उत्तम वालों के नाम जीडीए से आवंटित हुआ था। इसी के बराबर में 300 गज का एक भूखंड किसी बैंक के नाम आवंटित बताया जाता है। सूत्र बताते हैं कि इसी जमीन पर एक भूखंड जीडीए के एक दिवंगत बाबू ने भी खरीदा था। बाबू ने अपना प्लॉट किसी महिला को बेच दिया और बताया जाता है कि उत्तम वालों के प्लॉट का मामला चल रहा है और इसी बीच किसी सिकंदराबाद के व्यक्ति ने यहां प्लॉट खरीदने का दावा किया। रजिस्ट्री, कागज, अर्जी, फर्जी सब जांच का विषय है। इसी बीच यहीं पर कुछ लोग अवैध रूप से झुग्गी डाल कर रहने लगे। मामला गुरूवार की रात तब बढ़ा जब लस्सी वाले कांग्रेस नेता की दुकान के पीछे दीवार टूटने की आवाज आई। कांग्रेस नेता के अधिवक्ता पुत्र ने जब मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि दीवार टूटी है और उनके अनुसार यह अवैध कब्जा हो रहा था। कांग्रेस नेता के अधिवक्ता पुत्र ने 112 नंबर पर कॉल कर दी। बताया जाता है कि इस कॉल के बाद ही पुलिस और अधिवक्ता के बीच जुबानी बवाल हो गया। सूत्र बताते हैं कि थानेदार ने कांग्रेस नेता के अधिवक्ता पुत्र से कहा कि कागज रांग हैं या फेयर। लेकिन तुम ये बताओ कि तुम क्यों कर रहे हो इतना इंटरफेयर। तुम्हारा इस मामले से क्या लेना-देना। सूत्र बताते हैं कि अधिवक्ता ने कहा कि फोन मैंने एक आम नागरिक होने के नाते 112 नंबर पर की है। ये सुविधा आम जनता के लिए है और हमारी दुकान इस भूखंड के बाहर है। कांग्रेस के नेता बताते हैं कि इसके बाद कोतवाल ने उल्टा अधिवक्ता से ही कहा कि तुम अपनी दुकान के कागज दिखाओ। कागज देखने की बात पर अधिवक्ता भी पुलिस की हूल में नहीं आया और उसने भी रूल बता दिये। उसने कहा कि हमारी दुकान बाकायदा हमें जीडीए से आवंटित है और अगर हमें कागज भी दिखाने हैं तो हम जीडीए में दिखायेंगे ना कि थाने में। मामला रोचक होता गया और इधर इस मामले की भनक कांग्रेसियों को मिल गई। इसी बीच अधिवक्ता को थाने बुलाया गया और यहां नोंक झोंक के बाद अधिवक्ता थाने से वापस आ गये। सूत्र बता रहे हैं कि अगर मामला वकील वाला नहीं होता तो फिर इस मामले में सीन दूसरा हो गया था और 112 पर अगर कांग्रेस नेता ने कॉल कर दी होती तो उनका जेल जाना तय था। फिलहाल इस मामले में अभी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिस व्यक्ति ने पीछे का भूखंड खरीदा है वह व्यक्ति सिंकदराबाद का बताया जाता है। वहीं कांग्रेसियों ने भी इस मामले में रणनीति तैयार कर ली है और उन्होंने कहा है कि यदि पुलिस ने अवैध कब्जो को शह दी तो फिर आंदोलन होगा।




## चिरंजीव विहार-अवंतिका में नालियों के अतिक्रमण हटाने को लेकर हंगामा, निगम टीम को लौटना पड़ा वापस

### स्थानीय लोगों ने किया नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों लगातार बारिश हो रही है और बारिश होने के बाद सड़कों और प्रमुख इलाकों में जलभराव हो रहा है। जलभराव की मुख्य वजह नालियों पर अतिक्रमण और नाली का खुला ना रहना है। इसको लेकर शनिवार को चिरंजीव विहार और अवंतिका मुख्य मार्ग पर नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता पहुंचा था। नगर निगम के अधिकारी, पुलिसकर्मी और सुरक्षा दल व स्थानीय पार्षद मौके पर थे। जैसे ही नगर निगम के दल ने अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया। स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। नगर निगम के बुलडोजर को रोक दिया। तो वहीं स्थानीय पार्षद से भी स्थानीय लोगों की जमकर नोंकझों हुई। इस दौरान किसी ने कोर्ट के द्वारा रोक का हवाला दिया, तो किसी ने नगर निगम की कार्रवाई को आम जनता को परेशान करने वाला अभियान बता डाला। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और दो अलग-अलग पक्ष मौके पर जुट गए, इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों और निगम की अतिक्रमण हटाने वाली टीम मौके से लौट गई। हालांकि इस दौरान काफी देर तक अतिक्रमण कार्रवाई को लेकर हंगामे जैसा माहौल भी बना गया था।



### मार्केट और घरों के आगे से हटाया गया बुलडोजर से अतिक्रमण

करंट क्राइम : शनिवार को चिरंजीव विहार और अवंतिका में एक बिल्डर की दुकान के बाहर तो एक शॉपिंग कांप्लेक्स और पिज्जा कॉर्नर के निकट नगर निगम द्वारा नाली से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया। इसको लेकर स्थानीय सोसायटी के लोग नाराज हो गए। उन्होंने नगर निगम की इस कार्रवाई का विरोध किया। तो एक अधिवक्ता ने कोर्ट से स्टे का हवाला देते हुए नगर निगम के बुलडोजर को रोक दिया। इस दौरान स्थानीय पार्षद ने कहा कि नालियों में अतिक्रमण होने की वजह से सड़कों पर पानी भरता है और भारी नुकसान व परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोग तब भी नहीं माने और उन्होंने नगर निगम की अतिक्रमण हटाने आई टीम का विरोध करते हुए उसे वहां से लौटा दिया।



### लगातार जलभराव का शिकार हो रहे हैं अवंतिका-चिरंजीव विहार के लोग

करंट क्राइम : इस बार बारिश अधिक हो रही है और जलभराव के बाद स्थानीय लोगों को बेहद परेशान होना पड़ रहा है। स्थानीय पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों ने पाया था कि नालियों में अतिक्रमण और वहां पानी की निकासी न होने की वजह से जलभराव हो रहा है। इसको लेकर शनिवार को टीम हटाने पहुंची थी लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध और प्रदर्शन के बाद वहां से टीम को लौटना पड़ा। हालांकि नगर निगम के अधिकारी और सूत्र बता रहे हैं कि यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर हुई है लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के आगे टीम को लौटना पड़ गया।

## क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने पकड़ा 75 लाख रुपए का गांजा, दिल्ली होना था सप्लाई

### - फरार आरोपी सोनू गुप्ता और कौशलेंद्र को जल्द गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई टीम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने थाना वेव सिटी पुलिस के साथ मिलकर क्राइम ब्रांच स्वॉट की टीम ने उड़ीसा राज्य से लाकर दिल्ली के शाहदरा जा रहा 75 लाख रुपए का गांजा एक कैंटर से बरामद किया है।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी ड्राइवर राकेश को गिरफ्तार किया है। साथ ही इसके दो साथी फरार बता रहे जा रहे हैं। जिनका नाम सोनू गुप्ता और कौशलेंद्र है।

यह दोनों एटा के रहने वाले हैं और एक गाड़ी में ट्रक के पीछे-पीछे चल रहे थे। चालक ने बताया है कि वह इससे पहले शिकोहाबाद से आरपीएफ द्वारा जेल भेजा जा चुका है। उसे हर बार ट्रक ले जाने के पैसे मिलते थे, वह केवल पांचवी तक ही पड़ा हुआ है और इसके बाद गांजा तस्करी का काम कर रहा था।

### दिल्ली में ऑन डिमांड सप्लाई किया जाता था गांजा

करंट क्राइम : एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और एसीपी क्राइम सूर्यबली मौर्य ने जानकारी दी है कि स्वॉट क्राइम ब्रांच टीम प्रभारी टीम प्रभारी अनिल राजपूत को गांजा तस्करी गैंग के पीछे लगाया गया था। जिसके बाद यह सफलता मिली है। बताया जा रहा है कि करीब 187 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया है। जो दिल्ली के शाहदरा डिलीवर किया जाना था। शाहदरा से फिर से ऑन डिमांड अलग-अलग स्कूल, कॉलेज और बड़े-बड़े कॉलेजों में पैकेट बनाकर सप्लाई किया जाता था। इसमें दिल्ली के कई छोटे और बड़े गांजा तस्कर शामिल होने का इनपुट मिल रहा है।



### दिल्ली- मेरठ हाईवे पर पुलिस ने दिनदहाड़े की कार्रवाई

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत ने जानकारी दी है कि सूचना मिलने के बाद टीम वेव सिटी थानाक्षेत्र पुलिस के साथ मौके पर गई, ट्रक को रोका गया तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा। बताया जा रहा है कि राकेश इससे पहले भी कई बार उड़ीसा से अलग-अलग रास्तों के जरिए दिल्ली तक गांजा सप्लाई कर चुका है। पुलिस उसका अन्य सुराग लगाने का काम कर रही है। साथ फरार सोनू गुप्ता और कौशलेंद्र को भी गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

## संपादकीय

# परमाणु ऊर्जा

केंद्र सरकार की योजना है कि यूरेनियम खनन, आयात, प्रसंस्करण और परमाणु ऊर्जा उत्पादन पर दशकों से चले आ रहे सरकारी एकाधिकार को समाप्त किया जाए और इसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों को भागीदारी देने की पहल की जाए। यह अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन को दशार्ता है। नीतिगत बदलाव का पहला संकेत केंद्रीय बजट में मिला था जिसमें 2047 तक देश की परमाणु ऊर्जा क्षमता को बढ़ाकर 100 गीगावॉट करने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे ध्यान में रखते हुए परमाणु ऊर्जा मिशन की घोषणा की थी और उसके लिए 20,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। इस मिशन का लक्ष्य है देश की मौजूदा परमाणु ऊर्जा क्षमता को वर्तमान 8.18 गीगावॉट के स्तर से आगे बढ़ाना। ये हालिया घटनाएं बताती हैं कि थोड़ी देर से ही सही लेकिन जलवायु परिवर्तन से निपटने, ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने और जीवाश्म ईंधन पर देश की निर्भरता को कम करने में परमाणु ऊर्जा की भूमिका को पहचाना जा रहा है।

**जैतापुर और कुडनकुलम जैसी जगहों पर पूर्व में हुए विरोध और निजी भागीदारी से उत्पन्न होने वाले संभावित जन भय को देखते हुए, समुदायों के साथ संवाद स्थापित करना, पर्यावरणीय संरक्षण सुनिश्चित करना और उचित मुआवजा देना अत्यंत आवश्यक है।**

दशकों से सरकार ने विकिरण सुरक्षा, परमाणु सामग्री के दुरुपयोग और सामरिक सुरक्षा का हवाला देते हुए इस क्षेत्र पर अपने नियंत्रण को उचित ठहराया। भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) देश में असैन्य परमाणु संयंत्रों की इकलौती संचालक थी। बहरहाल, देश में ऊर्जा बदलाव की बढ़ती आवश्यकता के कारण नीतिगत बदलाव संभव हो रहा है। घरेलू यूरेनियम भंडार जो करीब 76,000 टन का है, वह भविष्य की मांग के एक छोटे हिस्से की ही भरपाई कर सकता है। ऐसे में आयात और प्रसंस्करण क्षमता में विस्तार जरूरी होगा। इस संदर्भ में निजी भागीदारी अहम होगी। उसके आधार पर ही आपूर्ति श्रृंखला तैयार होगी, पूंजी का प्रवाह तय होगा और परियोजना क्रियान्वयन में तेजी आ सकेगी।

इसके लिए सरकार को कानूनी बदलाव करने होंगे। परमाणु ऊर्जा अधिनियम में संशोधन करके ही एनपीसीआईएल के एकाधिकार को खत्म किया जा सकता है और निजी कारोबारियों को परमाणु ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जा सकता है। परमाणु क्षति के लिए नागरिक जवाबदेही अधिनियम में बदलाव भी उतने ही अहम हैं। भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के बाद भी मौजूदा आपूर्तिकर्ता-जवाबदेही प्रावधानों ने वैश्विक परमाणु कंपनियों को हतोत्साहित किया है। किसी भी तरह के सुधार में यह ध्यान रखना होगा कि किसी दुर्घटना के हालात में उचित क्षतिपूर्ति की आवश्यकता के साथ संतुलन कायम हो। ऐसा ढांचा तैयार किया जाना चाहिए जो निवेश या तकनीक हस्तांतरण को हतोत्साहित न करता हो।

भारत का लक्ष्य 2033 तक कम से कम पांच स्वदेशी डिजाइन वाले स्मॉल मॉडुलर रिएक्टर्स (एसएमआर) तैयार करने का है। इसके साथ ही भारत स्मॉल रिएक्टर्स (बीएसआर) का उन्नयन किया जा रहा है, जो मूलत: 220 मेगावॉट के प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर हैं। इससे जमीन की जरूरत कम की जा सकेगी। ऐसे रिएक्टर उद्योगों के निकट कैप्टिव यानी उनकी जरूरतों के लिए उपयोगी के रिएक्टर रूप में एकदम उपयुक्त माने जा रहे हैं। एसएमआर और बीएसआर एक साथ मिलकर मिलकर नवीकरणीय ऊर्जा का पूरक बन सकते हैं, क्योंकि ये उन क्षेत्रों तक ऊर्जा पहुंचा सकते हैं जहां पारंपरिक बड़े संयंत्र उपयुक्त नहीं होते।

# 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले पार्सल की आवाजाही रोकेगा डाक विभाग

**अमेरिका की ओर से टैरिफ शुल्क से जुड़े नियमों में बदलाव के बाद भारतीय डाक विभाग से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।**



## टैरिफ विवाद के बीच लिया गया फैसला

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से टैरिफ शुल्क से जुड़े नियमों में बदलाव के बाद भारतीय डाक विभाग से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। डाक विभाग 29 अगस्त से विभाग अमेरिका जाने वाले पार्सल की आवाजाही अस्थायी रूप निलंबित करेगा। डाक विभाग ने घोषणा की है कि वह 25 अगस्त से अमेरिका के लिए अधिकांश डाक खेपों को अस्थायी रूप से स्वीकार करना बंद कर देगा। ऐसा इस महीने के अंत में लागू होने वाले अमेरिकी शुल्क नियमों में बदलावों के बाद होगा।

अमेरिका ने 30 जुलाई को एक आदेश जारी कर 800 अमेरिकी डॉलर तक के मूल्य वाले सामानों के लिए शुल्क-मुक्त छूट वापस ले ली। 29 अगस्त से, अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी डाक सामान, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) टैरिफ ढांचे के तहत सीमा शुल्क आकर्षित करेंगे।

केवल 100 अमेरिकी डॉलर तक की उपहार वाली वस्तुएं ही शुल्क मुक्त रहेंगी। आदेश के अनुसार, केवल अंतरराष्ट्रीय वाहक और अमेरिकी सीमा शुल्क की ओर से अनुमोदित अन्य योग्य पक्ष ही डाक शिपमेंट पर शुल्क वसूल और भुगतान कर सकते हैं। लेकिन चूंकि इन पक्षों को मंजूरी देने और शुल्क वसूली की प्रक्रिया अभी स्पष्ट नहीं है, इसलिए एयरलाइनों ने कहा है कि वे 25 अगस्त के बाद अमेरिका जाने वाले डाक पार्सल नहीं ले जा पाएंगी।

इसे देखते हुए, भारतीय डाक 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी प्रकार की वस्तुओं की बुकिंग निलंबित कर देगा। हालांकि पत्रों, दस्तावेजों और 100 अमेरिकी डॉलर तक के उपहारों को इससे छूट मिलेगी। डाक विभाग ने कहा कि जिन ग्राहकों ने पहले से ही पार्सल बुक कर लिया है और उन्हें भेजा नहीं जा सकता, वे डाक शुल्क वापसी का दावा कर सकते हैं।

बयान में कहा गया है, डाक विभाग ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता है और आश्वासन देता है कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएं जल्द से जल्द बहाल करने के लिए सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं।

संचार मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, डाक विभाग ने 25 अगस्त, 2025 से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है। सिवाय उन पत्रों/दस्तावेजों और उपहार वस्तुओं के जिनका मूल्य 100 अमेरिकी डॉलर तक है। मंत्रालय के अनुसार सीमा शुल्क व सीमा सुरक्षा (सीबीपी) और संयुक्त राज्य डाक सेवा (यूएसपीएस) से आगे स्पष्टीकरण मिलने के बाद, इन छूट प्राप्त श्रेणियों को अमेरिका में स्वीकार और भेजा जाना जारी रहेगा।

# भारत-चीन और अमेरिका व्यापार ले रहा नई करवट



**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से भारत पर टैरिफ लगाकर एकतरफा और अन्यायपूर्ण रवैया अपनाने के बीच चीन ने भारत को उर्वरक, रेयर अर्थ और टनल बोरिंग मशीनों के निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाने का एलान किया है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह निश्चित रूप से एक अहम घटनाक्रम है। चार्टर्ड अकाउंटेंट और वैश्विक व्यापार मामलों के जानकार शुभम सिंघल ने इस विषय पर अमर उजाला से खास बातचीत की। उन्होंने बताया कि भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ के क्या मायने हैं? चीन से व्यापार में भारत को क्या सावधानी बरतनी चाहिए? आपदा में अवसर तलाशने के भारत के पास क्या मौके हैं?

**भारत-चीन और अमेरिका के बीच बने व्यापारिक समीकरण के गहरे मायने :** सिंघल के अनुसार सतही तौर पर देखें एक दोस्ताना देश के खिलाफ अमेरिका की टैरिफ से जुड़ी कार्रवाई अप्रत्याशित है। दूसरी ओर, रेयर अर्थ मैटेरियल्स की सप्लाई पर चीन का निर्णय भारत के लिए राहत की खबर है। हालांकि, गहराई से देखें तो ये दोनों घटनाएं केवल व्यापारिक घटनाक्रम नहीं बल्कि एक व्यापक भू-आर्थिक समीकरण का हिस्सा हैं। ऐसे में भारत को इस दौर में सावधानी बरतते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। अगर भारत अमेरिका से तनातनी के बीच चीन नरमी जैसे का अवसर का लाभ उठाने के लिए चीन की नीयत पर आंख बंद कर भरोसा करता है तो यह भविष्य में एक बड़ी भूल भी साबित हो सकती है।

**व्यापार को राजनीतिक दबाव बनाने के हथकंडे से सावधान रहने की जरूरत :** सीए शुभम सिंघल ने बताया कि पुराने अनुभवों से हमें पता है कि चीन अक्सर व्यापार को राजनीतिक दबाव का औजार बनाता है।

ऐसे में भारत की नीति सावधानी के साथ सहयोग की होनी चाहिए। इस कदम से हाल-फिलहाल के समय में सस्ते उर्वरक और कच्चे माल की उपलब्धता से महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी और उद्योगों को राहत मिलेगी। इससे रिजर्व बैंक को भी मौद्रिक नीतियों में लचीलापन रखने का भी अवसर मिलेगा।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

पत्नी - आप बहुत भोले हैं, आपको कोई भी आसानी से फंसा देता है।
पति - हां, शुरूआत तुम्हारे पापा ने की थी।

एक बार एक पति पिकनिक पर अपनी पत्नी को शमशान घाट पर ले आया...
पत्नी - ये कहां लेकर आ गए?
पति - अरे पगली, लोग मरते हैं यहां आने के लिए।

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा - तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी।
उसने इशारों में कहा - मुझे ऐसी चीज लाकर दो जिस पर सवार होते ही मैं 2 सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाऊं।
शाम को पति ने उसे वजन का कांटा लाकर दे दिया।
पत्नी के होश उड़ गए।




# कमजोर वैश्विक मांग के बीच सोना हुआ सस्ता



**शुक्रवार को सोने का भाव 250 रुपये गिरकर 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।**

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक मांग के बीच शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 250 रुपये गिरकर 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**वैश्विक स्तर पर गिरे सोने-चांदी के दाम :** वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,330.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हाजिर चांदी भी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37.96 डॉलर प्रति औंस पर आ गयी।

**फेडरल रिजर्व की गतिविधियों पर टिकी है नजर :** ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा कि सोने और चांदी की कीमतें सीमित दायरे में बनी हुई हैं। व्यापारी जैक्सन होल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के भाषण की प्रत्याशा में महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह मौद्रिक नीति के रुख की दिशा के बारे में संकेत दे सकता है।

मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज एवं करेंसी प्रमुख प्रवीण सिंह के अनुसार, सितंबर में ब्याज दर में कटौती की पूरी संभावना है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर मिले-जुले संकेतों के कारण फेड चेयरमैन पॉवेल इसे आंकड़ों पर निर्भर बना सकते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- गणितीय संकेतों (+) और (−) का प्रयोग हजार सालों से हो रहा है पर अधिकांश गणितीय संकेतों की उत्पत्ति सोलहवीं शताब्दी में जाकर हुई है।
- पेट्रोल की गाड़ी चन्द्रमा पर नहीं चल सकती क्योंकि वहां पर वायुमण्डल नहीं है।
- हीरा तथा ग्रेफाइट कार्बन के क्रिस्टलीय अवरूप है।
- ईंधनों के जलने से प्राप्त कार्बन डाईऑक्साइड प्रदूषण का मुख्य कारण है।
- आग बुझाने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का प्रयोग किया जाता है।
- ओजोन मण्डल पराबैगनी किरणों को अवशोषित करके पृथ्वी के जीवो की रक्षा करता है।
- नीबू में साइट्रिक अम्ल पाया जाता है।
- इमली में टारटरिक अम्ल होता है।
- नाइट्रस ऑक्साइड तथा सल्फर डाइऑक्साइड अम्ल वर्षा का मुख्य कारन है।
- साधारण कांच में सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम और लैड के सिलिकेट होते है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# कप्तानी के लिए कोहली के नाम पर हुई थी चर्चा! बोबात ने बताया, रजत को कमान सौंपने पर क्या थी विराट की राय?

**मुंबई।** आईपीएल 2025 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबात ने बताया कि किस तरह फ्रेंचाइजी ने सीजन की शुरूआत से पहले टीम के नए कप्तान को लेकर चौंकाने वाला फैसला लिया। बोबात ने साथ ही बताया कि कप्तानी के लिए विराट कोहली के नाम पर भी चर्चा की गई थी। मालूम हो कि फाफ डुप्लेसिस को टीम से रिलीज करने के बाद आरसीबी को नए कप्तान की तलाश थी और टीम ने रजत पाटीदार को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी और खिताब अपने नाम किया था।



आरसीबी के सामने कप्तान के लिए कोहली, भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का विकल्प भी उपलब्ध था। लेकिन फ्रेंचाइजी ने पाटीदार के साथ जाना चुना जो सही फैसला साबित हुआ। पाटीदार ने अपनी अगुआई में वो उपलब्धि हासिल की, जो कप्तान रहते कोहली और डुप्लेसिस जैसे खिलाड़ी भी नहीं कर सके थे। अब बोबात ने कप्तानी को लेकर खुलासा किया है और बताया है किस तरह कोहली के नाम पर भी चर्चा की गई थी।

बोबात ने कहा, नीलामी में हमारे पास जो विकल्प थे, उनमें से एक था कि अगर हम निरंतरता बनाए रखना चाहते हैं, तो हम निश्चित रूप से फाफ को वापस खरीद सकते हैं। यह एक विकल्प था। दूसरा विकल्प यह हो सकता था कि हम विराट को कप्तानी के लिए वापस चुन सकते थे। वह पहले भी कप्तानी कर चुके हैं, भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं। मुझे पूरा यकीन है कि अगर हमने उनसे ऐसा करने के लिए कहा होता, तो वह कहते, 'हां, चलो इसे आजमाते हैं' क्योंकि उन्हें फ्रेंचाइजी की बहुत परवाह है। उन्होंने कहा, हमारे पास दूसरा रिटेंशन विकल्प पाटीदार था और मुझे यकीन था कि हम उसे रिटेन करेंगे। इसलिए, जब हम धर्मशाला में थे, मैंने उससे बात की। मुझे लगता है कि वह थोड़ा हैरान हुआ क्योंकि उसे लगा कि हम शायद उसकी बल्लेबाजी या किसी और चीज पर बात करेंगे। मुझे याद है कि मैंने उससे पूछा था कि क्या उसकी कप्तानी या नेतृत्व करने की कोई ख्वाहिश है और वह शायद यह सवाल सुनकर थोड़ा हैरान हुआ होगा। लेकिन उसने कहा, हां, उसे नेतृत्व और कप्तानी का विचार पसंद है। मुख्य कोच एंडी फ्लावर और बोबात ने ही पाटीदार को आरसीबी का कप्तान बनाने का विचार विराट कोहली के सामने रखा था जो उस समय अहमदाबाद में भारत के लिए खेल रहे थे। कोहली ने कप्तानी के लिए पाटीदार पर भरोसा जताने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई।

# भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबले को नहीं देखेगा ये पूर्व भारतीय बल्लेबाज, बोले- खेल से बढ़कर है जान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच अगले महीने होने वाला एशिया कप का मुकाबला लगातार विवादों में घिरता जा रहा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों देशों की क्रिकेट टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच 14 सितंबर को दुबई में खेला जाना है, लेकिन कई पूर्व क्रिकेटरों ने इसका बहिष्कार करने की मांग की है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच मैच रखने पर मनोज ने जताई निराशा

हाल ही में खेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाएगी, लेकिन बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारतीय टीम को खेलने से नहीं रोका जा सकता। अब भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी ने भी इस मुकाबले को लेकर अपनी राय रखी है और कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच इस मुकाबले को नहीं देखेंगे। मनोज तिवारी ने यह मुकाबला रखने पर भी निराशा जताई और कहा कि सभी लोग भूल गए कि पहलगाम में किस तरह निर्दोष नागरिकों को मारा गया था। मनोज तिवारी ने कहा, मुझे थोड़ा आश्चर्य हो रहा है कि यह मुकाबला (भारत-पाकिस्तान) होने जा रहा है। पहलगाम हमले के बाद जिसमें इतने सारे निर्दोष नागरिक मारे गए थे और फिर उसके बाद हुए युद्ध के बाद खूब चर्चा हो रही थी कि इस बार हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। इसके बावजूद, कुछ महीनों बाद सब कुछ भुला दिया गया। मुझे यकीन ही नहीं हो रहा कि यह मुकाबला हो रहा है। क्या इंसान की जान की कोई कीमत नहीं है।



### सूर्यकुमार की अगुआई में खेलने उतरेगी टीम

भारत ने हाल ही में एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित की थी। भारत इस टूनार्मेंट में सूर्यकुमार यादव की अगुआई में खेलने उतरेगा। इस टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर रोष देखने मिला है। अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम से सैन्य अभियान चलाया था जिसके बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते बिगड़ गए थे। इसी को देखते हुए हरभजन सिंह और केदार जाधव जैसे कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी पाकिस्तान के साथ एशिया कप में नहीं खेलने की अपील की थी।

मनोज तिवारी ने दोहराया कि जीवन खेल से अधिक मूल्यवान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह ये मैच बिल्कुल नहीं देखेंगे। मनोज ने कहा, पाकिस्तान के साथ खेलकर वो क्या हासिल करना चाहते हैं? इंसान की जान की कीमत खेल से ज्यादा होनी चाहिए। मेरे मैच देखने का तो सवाल ही नहीं उठता।'

# अर्जुन-इलावेनिल की जोड़ी ने सोने पर साधा निशाना, 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के अर्जुन बाबुता और इलावेनिल वलारिवान ने शनिवार को 16वें एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में सोने पर निशाना साधा। इस भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन और इलावेनिल की जोड़ी ने चीन डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया और पोडियम में शीर्ष पर रही।

चीनी जोड़ी शुरूआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9.5 और 10.1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल का यह इस चैंपियनशिप में दूसरा पदक है। वह इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं। इससे पहले, अर्जुन, रुद्राक्ष पाटिल और किरण जाधव की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता था।

# दोस्ताना मैच खेलने केरल आएंगे मेसी, नवंबर में होगा मुकाबला; राज्य के खेल मंत्री ने की पुष्टि

**केरल।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को इस बात की पुष्टि कर दी है कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम इस साल नवंबर में दोस्ताना मुकाबले के लिए केरल का दौरा करेगी। दिलचस्प बात यह है कि इस टीम में स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी भी शामिल होंगे।

## अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने भारत दौरे की पुष्टि की थी

अब्दुरहीमान अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) की घोषणा के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने बताया था कि मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी के नेतृत्व में उनकी राष्ट्रीय टीम लुआंडा, अंगोला और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। अब्दुरहीमान ने कहा कि राज्य ने शुरू में एएफए से इस साल अक्तूबर या नवंबर में मैच आयोजित करने का अनुरोध किया था।



अब्दुरहीमान ने कहा, शुरूआत में एएफए ने इस मैच को 2026 के लिए निर्धारित किया था। हालांकि हमने उनसे संपर्क किया और अनुरोध किया कि वे इस साल केरल में मैच आयोजित करें। अब एएफए ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि कर दी है। हमारा इरादा 2022 विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना टीम को भारत लाने का है। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम को केरल लाने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं। हमने बाकी व्यवस्थाओं की योजना बनाना शुरू कर दिया है और जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ आयोजन स्थल सहित अन्य विवरणों पर चर्चा करेंगे।

केरल के खेल मंत्री ने कहा कि राज्य के लाखों फुटबॉल प्रशंसक इस मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा इरादा केरल में प्रशंसकों को मेसी को खेलते देखने का एक मंच प्रदान करना है।' मंत्री ने आगे कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक ने इस आयोजन को मंजूरी दे दी है और इस संबंध में एक सरकारी आदेश जारी कर दिया गया है।

विपक्षी टीम के बारे में अब्दुरहीमान ने कहा, हम फीफा की शीर्ष 50 टीमों में से एक टीम का चयन करेंगे। कई टीमों ने हमसे संपर्क किया है। ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम ने रुचि दिखाई है और हमारा उनके साथ खेल विनिमय समझौता भी है। इसी तरह तीन-चार अन्य टीमों ने भी हमसे संपर्क किया है।

# डुडा के खिलाफ हारने से बचे विश्व चैंपियन गुकेश, प्रज्ञानंद ने भी लाग्रेव से ड्रॉ खेली बाजी



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सिनक्यूफील्ड कप शतरंज टूनार्मेंट में पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के खिलाफ हारने से बाल-बाल बचे और उन्हें अंक बांटने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं, पांचवें दौर में एक अन्य भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला। दिलचस्प बात यह है कि पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फेबियानो कारूआना ने 3.5 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। प्रज्ञानंद दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। ग्रैंड शतरंज टूर से शीर्ष चार खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे।

# ट्रंप से मिले फीफा चीफ, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- लास वेगास नहीं, अब वाशिंगटन में होगा 2026 विश्वकप का ड्रॉ

**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन में से एक फीफा वर्ल्ड कप 2026 अब और भी भव्य होने वाला है। पहली बार इस टूनार्मेंट में कुल 48 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मुकाबले खेले जाएंगे। इस ऐतिहासिक टूनार्मेंट का ड्रॉ अब लास वेगास में नहीं, बल्कि अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के प्रतिष्ठित केनेडी सेंटर में होगा और इसकी घोषणा खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की है। उन्होंने एलान किया कि 2026 पुरुष फुटबॉल वर्ल्ड कप का ग्रुप ड्रॉ इस साल दिसंबर में वॉशिंगटन डीसी में किया जाएगा।

## कार्यक्रम में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी रहे मौजूद

ओवल ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप के साथ फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद थे।



इन्फेंटिनो वर्ल्ड कप की ट्रॉफी भी साथ लाए थे। उन्होंने कहा कि ड्रॉ का सीधा प्रसारण दुनिया भर में होगा और इसे करीब एक अरब लोग देखेंगे। यह 104 मैचों का टूनार्मेंट होगा, यानी 104 सुपर बाउल्स। इसी दौरान जब इनफैंटिनो ने ट्रंप को ट्रॉफी पकड़ने का मौका दिया, तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए पूछा कि क्या मैं इसे रख सकता हूं?

### केनेडी सेंटर में पांच दिसंबर को होगा ड्रॉ

ये ड्रॉ पांच दिसंबर को केनेडी सेंटर में होगा, जहां ट्रंप चेयरमैन हैं। इससे पहले यह माना जा रहा था कि ड्रॉ लास वेगास में होगा, जैसे 1994 के वर्ल्ड कप में हुआ था। 2026 का टूनार्मेंट अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको तीन देशों में मिलकर आयोजित होगा और इसमें पहली बार 48 टीमें भाग लेंगी। बता दें कि ड्रॉ में 48 टीमों को 12 ग्रुपों में बांटा जाएगा, हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और आठ बेस्ट थर्ड-प्लेस टीमें नॉकआउट चरण में जाएंगी।

# रोहित और कोहली के भविष्य पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने तोड़ी चुप्पी, विदाई की खबरों पर दी ये प्रतिक्रिया

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर चुप्पी तोड़ी है। राजीव ने इन दोनों दिग्गजों के संन्यास की अटकलों को खारिज किया है और कहा है कि ये दोनों अभी भी वनडे में खेल रहे हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप से संन्यास के बाद रोहित और कोहली के वनडे भविष्य को लेकर भी कई तरह की अटकलें चल रही हैं। ऐसी खबरें भी चल रही हैं कि अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद यह दोनों बल्लेबाज वनडे प्रारूप को लेकर भी बड़ा फैसला ले सकते हैं।

## रोहित-कोहली ने शुरू की ट्रेनिंग

रोहित और कोहली ने वनडे टीम में वापसी से पहले ट्रेनिंग शुरू कर दी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि बीसीसीआई रोहित और कोहली के वनडे भविष्य को लेकर जल्दबाजी में नहीं है। अब इस मामले को लेकर राजीव शुक्ला का बयान सामने आया है। दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान एंकर ने बीसीसीआई उपाध्यक्ष से पूछा कि जब रोहित-कोहली संन्यास का फैसला लेंगे तो क्या सचिन तेंदुलकर की तरह उन्हें भी विदाई दी जाएगी? इस पर राजीव शुक्ला ने सवाल खड़े किए और कहा कि लोग क्यों इन दोनों के बारे में चिंता कर रहे हैं, जबकि वे अभी भी वनडे में खेल रहे हैं।



शुक्ला ने कहा, 'उन्होंने कब संन्यास लिया? रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों अभी वनडे खेलेंगे, तो अगर खेल ही रहे हैं तो अभी विदाई की बात क्यों? आप लोग अभी से चिंता क्यों कर रहे हैं?' शुक्ला ने यह भी कहा कि बीसीसीआई कभी किसी खिलाड़ी को संन्यास लेने के लिए नहीं कहता और यह फैसला उन्हें ही करना है। उन्होंने कहा, हमारी नीति बिल्कुल साफ है, बीसीसीआई किसी भी खिलाड़ी को संन्यास लेने के लिए नहीं कहता। उसे अपना फैसला खुद लेना होगा। उसे खुद ही यह फैसला लेना होगा। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने बताया कि कोहली अभी भी सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं और रोहित एक बेहतरीन वनडे खिलाड़ी बने हुए हैं। शुक्ला ने प्रशंसकों से कहा कि जब इस स्टार जोड़ी की बात हो तो इस समय विदाई के बारे में न सोचें। उन्होंने कहा, जब वो पल आएगा, तो हम आपको बताएंगे कि उसे कैसे पार करना है। आप लोग तो अभी से विदाई की बात कर रहे हैं। कोहली बिलकुल फिट हैं, वो आगे बढ़ रहे हैं। रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेल रहे हैं और आप लोग अभी से विदाई की चिंता में हैं।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नजर आ सकते हैं रोहित-कोहली

रोहित और कोहली ने भारत के लिए आखिरी मैच इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। यह दोनों स्टार बल्लेबाज अब 19 से 25 अक्तूबर तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे।

# विमेंस वर्ल्डकप से पहले टीम इंडिया का कैंप विशाखापट्टनम में

## 25 अगस्त से शुरूआत होगी, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से यहीं मैच होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय विमेंस टीम की वनडे वर्ल्ड कप तैयारियों के लिए विशाखापट्टनम में ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। भारत इसी मैदान में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीग मैच भी खेलेगा।क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक कैंप 25 अगस्त से शुरू होगा और खिलाड़ियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

15 सदस्यीय वर्ल्ड कप टीम के अलावा इस कैंप में 6 स्टैंडबाय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इनमें सायली सातघारे भी हैं, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम में चुना गया है, लेकिन वर्ल्ड कप में उनकी जगह ऑलराउंडर अमनजोत कौर वापसी करेंगी।

इंडिया-ए टीम भी शामिल हो सकती हैं इस कैंप इंडिया-ए टीम को भी शामिल किया जा सकता हैं। टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट खेल रही है। इंडिया-ए टीम न्यूजीलैंड से बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना पहला वॉर्म-अप मैच खेलेगी। वहीं श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका को-होस्ट शहर कोलंबो में रहेंगे और वहीं अपने वॉर्म-अप मैच खेलेंगे। राधा यादव 24 अगस्त को जुड़ेंगी ऑलराउंडर राधा यादव 24 अगस्त को मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम से जुड़ेंगी। वे फिलहाल ब्रिसबेन में रेड-बॉल मैच में इंडिया-ए टीम की कप्तानी कर रही हैं। विशाखापट्टनम में भारत के 2 लीग मैच कैंप का स्थान भी स्ट्रैटजी के तहत चुना गया हैं। भारत अपने दो लीग मैच, 9 अक्टूबर को अफ्रीका और 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम स्टेडियम में खेलेगा।




भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार 2014 में यहां वनडे खेला था। उस समय से अब तक वर्ल्ड कप टीम में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और स्नेह राणा ही शामिल हैं। विशाखापट्टनम के अलावा गुवाहाटी, इंदौर और नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम भी इस आठ टीमों वाले टूनार्मेंट की मेजबानी करेंगे।

इंट्रा-स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच खेले जाएंगे कैंप के दौरान टीम के बीच कुछ अभ्यास (इंट्रा-स्क्वॉड) मैच भी रात में खेले जा सकते हैं। इसके बाद खिलाड़ी थोड़े ब्रेक पर जाएंगे और फिर 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज (मोहाली-मुल्लांपुर) में शुरू करेंगे।

भारत की टीम (ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए)- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेनुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, सायली सातघारे, राधा यादव, स्त्री चरनी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर) और स्नेह राणा।

**रिजर्व खिलाड़ी:** तेजल हासबनीस, प्रेमा रावत, प्रिया मिश्रा।


भारत की टीम (महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए)- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रेनुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्त्री चरनी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), स्नेह राणा

**रिजर्व खिलाड़ी:** तेजल हासबनीस, प्रेमा रावत, प्रिया मिश्रा, उमा छेत्री (विकेटकीपर), मिन्नू मणि, सायली सातघारे।

# अंडर-20 चैंपियनशिप में संघर्ष करते नजर आए भारतीय ग्रीको रोमन पहलवान, तीन खिलाड़ी बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवान अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में संघर्ष करते नजर आए। तीन खिलाड़ी क्वालिफाइंग दौर में ही बाहर हो गए, जबकि पांच अन्य पहलवान पदक की दौड़ में पहुंचने में सफल रहे। अनुज (67 किलो) को चीन के झाओयान लियु ने 9-0 से और नमन (97 किलो) को क्रोएशिया के आंद्रेज रोडिन ने 2-1 से हराया। लियू बाद में क्वार्टर फाइनल भी हार गए जिससे अमन का रेपचेज दौर में पहुंचने का रास्ता भी बंद हो गया।

रोडिन भी फाइनल में नहीं पहुंच पाए जिससे नमन भी बाहर हो गए। विनीत को मिस्त्र के मोहम्मद शाबाम इब्राहिम ने 72 किलोवर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। अनिल मोर (55 किलो) को अजरबैजान के तूरान दाशदामिरोव ने मात दी। उन्होंने इससे पहले बुल्गारिया के योरडान टोपालोव को 8-0 से हराया था। दाशदामिरोव अगर फाइनल में पहुंचते हैं तो मोर को रेपचेज में खेलने का मौका मिलेगा। काजल महिलाओं के 72 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगी, जबकि श्रुति (50 किलो) और सारिका (53 किलो) कांस्य पदक के लिए खेलेंगी। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज (60 किलो) और प्रिंस (72 किलो) भी कांस्य पदक के लिए खेलेंगे।



# जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वर्गीय आशीष गर्ग को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि



गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद में जिला एवं सत्र न्यायाधीन जज के पद पर तैनात आशीष गर्ग का 11 अगस्त को निधन हो गया था। उनकी आत्मा की शांति के लिए शनिवार 23 अगस्त को शोक सभा आयोजित की गई। डायमंड पैलेसे में आयोजित शोकसभा में अधिवक्ता वर्ग से लेकर समाज के सभी वर्गों ने पहुंच कर स्वर्गीय आशीष गर्ग को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे सभी गणमान्यों ने स्वर्गीय आशीष गर्ग की धर्मपत्नी निधि गर्ग, उनके पुत्र आयुष गर्ग तथा पुत्रवधु शिवानी गर्ग,पुत्री अनुष्का गर्ग को शोक सांत्वना दी।

## गाजियाबाद में बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े, 39 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर की नूरगंज कॉलोनी में देर रात को बच्चों के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। चौड़ा खंड़जा रोड पर स्थित कॉलोनी में दो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई।



घटना शाहबुद्दीन और हिना के परिवारों के बीच हुई। शाम को दोनों के बच्चों के बीच खेलते समय लड़ाई हो गई। उस समय मामला शांत हो गया लेकिन रात करीब 11 बजे दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए।

दोनों तरफ से लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई। करीब 20 मिनट तक चली इस पत्थरबाजी से पूरी कॉलोनी में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाठीचार्ज कर भीड़ को भगाया।

चामुंड़ा चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। शाहबुद्दीन, नफीसा, निजामुद्दीन, आबिद, फरहान, हिना, नसीमा, सनव्वर, राशिद, साजिद, माजिद, जुबेर, मंतक्षा और महराज के बेटे समेत 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।




## कमिश्नरेट में मिसिंग बदमाशों का चल रहा है सत्यापन टास्क

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि साहब के 100 दिन पूरे होने के बाद भी कई तरीके के अभियान और गुड वर्क किया जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 15 अगस्त की एक रात पहले से लेकर अब तक एक के बाद एक देहात, सिटी और नदिया पार वाले इलाके में ऑपरेशन लंगड़ा के तहत कार्रवाई की जा रही है। ऑपरेशन लंगड़ा की कार्रवाई में जहां सिटी वाले एसीपी और नदियां पार वाले खास इलाके के एसीपी टॉप पर बने हुए हैं। तो देहात और नदिया पार के कुछ फेस भी पीछे–पीछे बने हुए हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ऑपरेशन लंगड़ा के तहत बदमाशों पर नकेल कसने का काम हो रहा है। तो वहीं बीते दिनों देहात के एक थाने के बेहद सनसनीखेज मामले में भी पुलिस ने आरोपियों को लंगड़ा कर जेल भेजा है। तो वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों जब बीट पुलिसिंग पर जोर दिया गया था, तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 10 हजार से अधिक बदमाशों का डाटा और रिकॉर्ड सुरक्षित करने का काम किया गया था। अब पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रत्येक थाना और सर्किल के साथ ही जोनवार बदमाशों का पुन: निरीक्षण किया जा रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि कई थानों के शातिर अपराधी और हिस्ट्री शीटर से लेकर गैंगस्टर एक्ट के बदमाश मिसिंग चल रहे हैं। बीते कुछ दिनों से उनकी ना तो लोकेशन मिल रही है और ना वह अपने संबंधित थानों में हाजिरी लगा रहे हैं। इसको लेकर अधिकारियों ने जहां बीते दिनों हुई क्राइम मीटिंग में स्पष्ट निर्देश दिए थे। तो वही एसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा भी अपने थाना प्रभारियों की चूड़ी कसी जा रही हैं। नतीजा यह है कि कभी बीट वाले मिसिंग बदमाशों को खोजने के लिए पसीना बहा रहे हैं। तो कभी थाने वाली एसओजी और जिले वाली क्राइम ब्रांच स्वाट की टीम मेहनत कर रही है। दरअसल बड़े साहब का मकसद है कि गाजियाबाद वाले पुलिस कमिश्नरेट में अपराधियों पर अंकुश लगाया जाए, अपराध नियंत्रण हो और जनता के बीच पुलिस की छवि को सुधारा जाए लेकिन साहब जितनी मेहनत कर रहे हैं, पुलिस उतना पसीना नहीं बहा रही है। साथ ही एक के बाद एक कोई ना कोई ऐसा मामला सामने आ ही रहा है जिससे पुलिस की इमेज बेड हो रही है। वैसे देहात वाले एक थाने में चौकी पर तैनात टू- स्टार को हथकड़ी पहना कर ले जाने का मामला अभी शांत नहीं हुआ था। तो सूत्र बता रहे हैं कि देहात के एक दरोगा की रिकॉर्डिंग कभी भी वायरल हो सकती है। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के और कौन से किस्से और कहानी बाहर आते हैं, किसको सजा मिलती है और कौन मजा कटेगा यह देखना बाकी है।




## बुजुर्ग महिला से ठगे 40 लाख, तीन दिन रखा डिजिटल अरेस्ट

**नोएडा करंट क्राइम।** साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा के कासना की रहने वाली वरिष्ठ नागरिक ए लक्ष्मी को तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर 40 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता 16 अगस्त को कथित दूरसंचार कर्मी के फोन से ठगों के संपर्क में आईं। ठगों ने नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में नाम आना बताकर डराया। किसी को नहीं बताने की शर्त पर तीन दिन डिजिटल अरेस्ट कर जानकारी जुटाई। पीड़िता की जमा पूंजी की जांच करने के नाम रकम ट्रांसफर कराई। रकम वापस नहीं मिलने पर पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

वरिष्ठ नागरिक ए लक्ष्मी 2015 तक एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थीं। उनके बच्चे विदेश में रहते हैं। उनके पास 12 अगस्त की दोपहर सवा 12 बजे कथित वरुण कुमार ने दूरसंचार कर्मी बन फोन किया था।

## ग्रेटर नोएडा में एटीएम ठग की पुलिस के साथ मुठभेड़, बदमाश को लगी गोली

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस की शुक्रवार देर रात एटीएम बूथ में लोगों को झांसे में लेकर ठगी करन वाले एक बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस शुक्रवार रात यामहा कट के पास वाहनों की जांच कर रही थी। तभी मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल सवार ने कच्ची सड़क की तरफ भागने का प्रयास किया। घिरता देख उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान औरैया थाना बिधूना गांव लहरापुर के सन्नी उर्फ नितेश बाबू के रूप में हुई है। वह मौजूदा समय में नोएडा के ममूरा गांव में रह रहा था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस के साथ तीन एटीएम कार्ड व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

इस तरह से देता था घटना को अंजाम

बदमाश एटीएम बूथ में घुसकर मशीन में कार्ड लगाने वाले स्थान पर फेविकाल या फेवीक्विक लगा देता था। जिससे एटीएम मशीन से पैसे निकालने वाले उपभोक्ताओं का डेबिट कार्ड मशीन में फंस जाता था।

तभी सन्नी अपने दो साथी सुमित व संजय के साथ वहां पहुंचकर पीड़ितों को हेल्पलाइन नंबर के नाम पर नंबर उपलब्ध कराते व पीड़ितों से डेबिट कार्ड की पिन की जानकारी लेकर बैंक में जाने को कहते। पीड़ित परेशान होकर बैंक चले जाते। सन्नी अपने साथियों के साथ प्लास की मदद से एटीएम कार्ड खींचकर अन्य एटीएम में जाकर पीड़ितों के खाते से पैसे निकाल लेते थे। सन्नी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ऐसी कई घटनाओं को अंजाम दिया। सन्नी के साथी सुमित व संजय को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## बिजली चोरी का बड़ा खुलासा: हापुड़ में 28 जगह बिजली चोरी पकड़ी, 14 ई-रिक्शा चार्जिंग पकड़े गए



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में ऊर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 24 से अधिक अधिकारियों की टीम ने तड़के छापेमारी कर 28 स्थानों पर बिजली चोरी का पदार्फाश किया। जिन पर त्रफ्रफ दर्ज कर कार्रवाई की गई। इस दौरान हड़कंप मच गया।

अधीक्षण अभियंता एसके अग्रवाल के अनुसार, प्रबंध निदेशक के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। मुख्य अभियंता संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने मोदीनगर रोड के हाई-लाइन लॉस फीडर असौड़ा, अमन कालोनी और बुलंदशहर रोड स्थित मोती कालोनी में छापेमारी की।

### कार्रवाई से मचा हड़कंप

टीम में तीन अधिशासी अभियंता, सात उपखंड अधिकारी, 12 अवर अभियंता और 12 टीजी-2 शामिल थे। इन्होंने 150 से अधिक भवनों की जांच की। गांव असौड़ा में एक स्थान पर 14 ई-रिक्शा अवैध रूप से चार्जिंग करते हुए पाए गए। यहां लगभग आठ किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई।

कार्रवाई के दौरान विजीलेंस टीम के साथ हापुड़ और बुलंदशहर की पुलिस भी मौजूद थी। छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई लोगों ने घरों के दरवाजे तक नहीं खोले। सभी 28 बिजली चोरी के मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है।

## नोएडा में स्कूलों, कारखानों, अस्पतालों और सिनेमा हॉल को लेकर डीएम मेधा रूपम ने दिए सख्त निर्देश; हरकत में अधिकारी

**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** जिला आपदा प्रबंधन समिति की कलक्ट्रेट में शुक्रवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सभी स्कूल एवं कालेज, स्कूल सेफ्टी पालिसी 2016 के अनुसार अपनी-अपनी स्कूल आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए कहा।



विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षित निकासी मार्ग, प्राथमिक चिकित्सा तथा माक ड्रिल की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित संवेदनशील कारखानों को कारखाना आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

इसी प्रकार जिले के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को भी अपनी अस्पताल आपदा प्रबंधन योजना तैयार करनी होगी। आपात स्थिति में त्वरित उपचार, आवश्यक दवाइयों और उपकरणों की उपलब्धता तथा आपदा पीड़ितों के लिए अलग वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, सीडीओ शिवाकांत द्विवेदी, एडीएम वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार,एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

Ajay Sharma
4h ·
ये ज़िन्दगी भी चाय की तरह है, कभी फीकी ,कभी मीठी ,कभी कड़वी पर हर घूँट में एक नया मज़ा..
#goodmorning



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने जिंदगी और चाय को लेकर अपने दार्शनिक अंदाज में एक बात कही। उन्होंने कहा कि जिंदगी भी चाय की तरह है, कभी फीकी, कभी मीठी, कभी कड़वी पर हर घूंट में नया मजा देती है। अजय शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# लिपुलेख को लेकर नेपाल के सोशलिस्ट फ्रंट की आपत्ति सरकार से कूटनीतिक प्रयास तेज करने की मांग

**नेपाल के सोशलिस्ट फ्रंट ने भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से व्यापार फिर से शुरू करने के समझौते की कड़ी आलोचना की है। फ्रंट ने शुक्रवार को सरकार से अपील की कि वह विवादित क्षेत्र को वापस लाने के लिए कूटनीतिक प्रयास करे। चार वामपंथी विपक्षी दलों के इस गठबंधन ने बयान में कहा, भारत और चीन के बीच लिपुलेख को लेकर हालिया समझौते ने नेपाल की संप्रभुता पर गहरी चोट पहुंचाई है**

**काठमांडो ।** फ्रंट ने दावा किया कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी नेपाल का अभिन्न हिस्सा हैं और इसके ऐतिहासिक प्रमाण हैं।

इस बयान पर सीपीएन (माओवादी केंद्र) प्रमुख पुष्पकमल दहल ह्यप्रचंडह्ल, सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) अध्यक्ष माधव नेपाल, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (क्रांतिकारी) महासचिव नेत्र विक्रम चंद व नेपाल समाजवादी पार्टी अध्यक्ष महेन्द्र राय यादव के हस्ताक्षर हैं। इसमें कहा गया है कि नेपाल सरकार ने इन क्षेत्रों की वापसी के लिए कूटनीतिक पहल नहीं की है।

लिपुलेख दर्रा भारत की सीमा पर नेपाल से सटा हुआ क्षेत्र है। नेपाल लंबे समय से इस पर अपना दावा करता आ रहा है। इतना ही नहीं नेपाल सीमा पर सटे भारत के कुल 372 वर्ग किमी इलाके, जिसमें



भारत-नेपाल-चीन ट्राई-जंक्शन पर लिंपियाधुरा और कालापानी भी शामिल हैं, पर भी दावा करता रहा है। यह क्षेत्र उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले पर हैं।

इनमें लिपुलेख दर्रे की खास अहमियत है। यह दर्रा हिमालय के पहाड़ों के बीच समुद्र की सतह से करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। भारत-चीन-नेपाल के बीच स्थित इस दर्रे को सदियों से भारत व्यापार के लिए इस्तेमाल करता रहा है। इतना ही नहीं चीन के दायरे में आने वाले कैलाश पर्वत रेंज और मानसरोवर तालाब तक जाने के लिए यह भारत का अहम मार्ग है। इससे भारत के उत्तराखंड में आने वाला कुमाऊं क्षेत्र और तिब्बत का तकलाकोट सीधे जुड़ता है।

ऐसे में धार्मिक और कूटनीतिक दोनों ही कारणों से लिपुलेख दर्रा भारत के लिए अहम रहा है। धार्मिक इसलिए क्योंकि हिंदुओं, बौद्ध और जैन धर्म के लोगों के लिए कैलाश मानसरोवर अलग अहमियत रखता है। कूटनीतिक इसलिए, क्योंकि भारत-चीन सीमा पर यह सड़क कनेक्टिविटी, सैन्य लॉजिस्टिक्स और व्यापार मार्ग के तौर पर अहम है।

# दक्षिणपंथी नेताओं की रिहाई का रास्ता साफ, बोलीविया शीर्ष कोर्ट ने न्यायाधीशों को दिए समीक्षा के आदेश



**वॉशिंगटन ।** बोलीविया की जेल में बंद तीन दक्षिणपंथी नेताओं की रिहाई का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। बोलीविया सुप्रीम कोर्ट ने जजों को आदेश दिया है कि इस बात की समीक्षा करें कि क्या तीनों दक्षिणपंथी नेताओं को बिना किसी मुकदमे के लंबे समय तक जेल में रखा गया था बोलीविया के मुख्य न्यायाधीश रोमर सॉसेडो ने न्यायाधीशों को पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस को 2019 में पद से हटाने के संकट से उपजे हाई-प्रोफाइल मामलों में पूर्व-परीक्षण हिरासत की अवधि की जांच करने के लिए 24 घंटे का समय दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस आदेश के बाद बोलीविया के तीन दक्षिणपंथी राजनेता पूर्व अंतरिम नेता जीनिन एनेज, पूर्व गवर्नर लुइस फर्नांडो कैमाचो और उनके पूर्व साथी मार्को एंटोनियो पुमारी की रिहाई हो सकती है। 2019 में मोरालेस ने सेना के दबाव में छोड़ा था पद 2019 में पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस के चुनाव लड़ने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। इसके बाद मोरालेस ने सेना के दबाव में पद छोड़ दिया। मोरालेस के बाद कैथोलिक एनेज ने राष्ट्रपति का पद संभाला था। राष्ट्रपति बनने के बाद एनेज ने नागरिक प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों द्वारा क्रूर कार्रवाई की और असहमति को दबाया। इसके चलते हुई हिंसा में 37 लोग मारे गए।

नए चुनाव के बाद राष्ट्रपति एनेज पर लगे आरोप 2020 में नए चुनावों के एक साल बाद वर्तमान राष्ट्रपति और मोरालेस के उत्तराधिकारी लुइस एर्से ने पूर्व राष्ट्रपति एनेज को आतंकवाद और राजद्रोह के आरोपों में गिरफ्तार किया था। 2022 में एनेज को अपने कर्तव्यों का उल्लंघन करने और बोलीविया के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। जबकि उन पर कम से कम सात अन्य आपराधिक मामले चल रहे हैं। इसमें प्रदर्शनकारियों की हत्या में उनकी संलिप्तता सहित कई आरोप शामिल हैं।

## इराक में कुर्द नेता की गिरफ्तारी के बाद तनाव




**बगदाद ।** इराक के उत्तरी कुर्दिश स्वायत्त क्षेत्र में राजनीतिक तनाव अब खुले संघर्ष में बदल चुका है। पूर्व राष्ट्रपति जलाल तालाबानी के भतीजे और प्रभावशाली नेता लहुर शेख जंगी तालाबानी की गिरफ्तारी ने पूरे सुलेमानिया शहर को हिंसा की आग में झोंक दिया। गुरुवार रात छिड़ी भारी झड़पों में गोलियां चलीं और सड़कों पर खून संघर्ष देखने को मिला, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए और 18 से ज्यादा घायल हो गए। बता दें कि यह झड़पें गुरुवार देर रात तब शुरू हुईं जब सुरक्षा बलों ने देश के आतंकवाद विरोधी कानून के तहत लहुर शेख जंगी तालाबानी को गिरफ्तार करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। लहुर, दिवंगत राष्ट्रपति जलाल तालाबानी के भतीजे हैं और पहले पट्रियोटिक यूनियन ऑफ कुर्दिस्तान (पीयूके) पार्टी के सह-प्रमुख रह चुके हैं। पीयूके पार्टी के अधिकारी ने दी जानकारी वहीं मामले में पीयूके के अधिकारी बुरहान शेख रऊफ ने बताया कि लहुर तालाबानी सरकार के खिलाफ साजिश रच रहे थे और पार्टी की सशस्त्र इकाई को खत्म करने के प्रयासों के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ़्तारी के विरोध में लहुर तालाबानी के समर्थकों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया, जिससे दोनों पक्षों में भीषण झड़पें हुईं। इस अभियान में तीन सुरक्षा कर्मियों और पीपल्स फ्रंट पार्टी के दो सदस्यों की मौत हुई।

# सीमा पर उत्तर कोरियाई सैनिकों पर गोलीबारी दक्षिण कोरिया पर लगा तनाव बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप

**उत्तर और दक्षिण कोरिया की सीमा पर उत्तर कोरियाई सैनिकों पर गोलीबारी हुई। उत्तर कोरिया का आरोप है कि जब हमारे सैनिक सीमा पर बैरियर लगा रहे थे तो दक्षिण कोरिया के सैनिकों ने गोलियां चलाईं। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर तनाव बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप लगाया**

**सियोल ।** उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी के जनरल स्टाफ के उप प्रमुख को जोंग चोल ने कहा कि गोलीबारी दक्षिण कोरिया-अमेरिका के ग्रीष्मकालीन सैन्य अभ्यास के साथ हुई है। उत्तर कोरिया की आर्मी के जनरल स्टाफ के उप प्रमुख को ने कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिक कोरियाई देशों के बीच क्षेत्र को पूरी तरह से अलग करने के लिए दक्षिणी सीमा को स्थायी रूप से अवरुद्ध कर रहे हैं। इस परियोजना के तहत सीमा पर काम चल रहा है। तभी दक्षिण कोरिया ने एक ऑडियो चेतावनी और चेतावनी गोलीबारी के साथ जवाब दिया। को ने कहा कि उत्तर कोरिया ने आकस्मिक झड़पों को रोकने के लिए 25 जून और 18 जुलाई को सीमा पर कार्य करने की अपनी योजना के बारे में दक्षिण में अमेरिकी सेना को



सूचित कर दिया है। दक्षिणी सीमा प्रबंधन और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार कमांडिंग अधिकारी के रूप में मैं मांग करता हूं कि दक्षिण कोरिया इस खतरनाक उकसावे को तुरंत रोके। इसका उद्देश्य दक्षिणी सीमा पर किलेबंदी परियोजना को तनाव बढ़ाने का बहाना बनाना है, जो हमारी संप्रभुता की रक्षा के लिए आवश्यक है। दक्षिण कोरिया का जवाब दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने पुष्टि की कि उन्होंने मंगलवार दोपहर उत्तर कोरियाई सैनिकों पर चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं, क्योंकि वे कुछ समय के लिए मध्य सीमा क्षेत्र में सैन्य सीमांकन रेखा को पार कर गए थे। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि सैनिक बिना किसी घटना के उत्तर कोरियाई क्षेत्र में लौट आये। उत्तर कोरिया ने भी जवाबी गोलीबारी नहीं की। हाल के महीनों में दक्षिण कोरिया की सेना ने कभी-कभी सैन्य सीमांकन रेखा पार करने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों को पीछे हटाने के लिए लाउडस्पीकर से चेतावनी दी है और गोलियां भी चलाई हैं। उत्तर कोरियाई सैनिक बढ़ते तनाव के बीच सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए टैंक रोधी बैरियरों का निर्माण कर रहे थे। बारूदी सुरंगें बिछा रहे थे और अन्य कार्य कर रहे थे।

कोरियाई देशों के बीच दुश्मनी अब चरम पर है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन अपनी सैन्य परमाणु क्षमताओं का प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को लेकर रूस के साथ खड़े हैं।

# ताइवान में जनमत संग्रह चुनाव, विपक्षी सांसदों की बर्खास्तगी और परमाणु ऊर्जा के मुद्दे पर हो रहा मतदान

**ताइपे ।** ताइवान में शनिवार को रिकॉल वोटिंग (जनमत संग्रह चुनाव) हो रही है। यह मतदान सात विपक्षी सांसदों की विधायिका से बर्खास्तगी और परमाणु ऊर्जा की वापसी पर फैसला लेने के लिए हो रहा है। ताइवान में आखिरी चालू परमाणु रिएक्टर भी पांच महीने पहले बंद हो गया था। हालांकि अब फिर से परमाणु रिएक्टर को शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। एक महीने में दूसरी बार हो रही ये रिकॉल वोटिंग सत्ताधारी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लिए सत्ता पर नियंत्रण पाने का भी मौका है, क्योंकि 2024 के चुनाव में डीपीपी ने बहुमत खो दिया था।

हालांकि इसकी संभावना कम ही है क्योंकि जुलाई में हुए पहले रिकॉल मतदान में विपक्षी नेशनलिस्ट पार्टी खुद को बचाने में कामयाब रही थी। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने साल 2024 में राष्ट्रपति पद जीता, लेकिन 113 सीटों वाली विधायिका में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। नेशनलिस्ट, जिसे कुओमिन्तांग या



केएमटी के नाम से भी जाना जाता है, ने 52 सीटें जीतीं, जो डीपीपी से एक ज्यादा है। नेशनलिस्ट पार्टी ने एक तीसरी पार्टी, ताइवान पीपुल्स पार्टी के साथ मिलकर परमाणु ऊर्जा संबंधी एक विधेयक पारित किया है, जिससे सत्तारूढ़ डीपीपी काफी चिंतित है। मई में बंद हुआ था आखिरी परमाणु संयंत्र दरअसल डीपीपी परमाणु ऊर्जा को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर रही है, जो कभी ताइवान को लगभग 20 प्रतिशत बिजली आपूर्ति करती थी।

# भारत संग बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी की ट्रंप को लताड़, आईना दिखाकर दी नसीहत

**वॉशिंगटन ।** भारत पर 50 फीसदी लगाने और बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लताड़ लगाई है। ओबामा प्रशासन में विदेश मंत्री रहे जॉन केरी ने कहा कि किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है। भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

केरी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच टकराव सही नहीं है। हम इससे चिंतित हैं। बड़े राष्ट्र हमेशा लोगों को अल्टीमेटम देकर महानता प्रदर्शित नहीं करते हैं। बल्कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिये काम करते हैं। ताकि आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि ओबामा शासन के दौरान बातचीत सहयोग और सम्मान के साथ होती थी। लेकिन अब कुछ



ज्यादा ही आदेश, दबाव और धक्का-मुक्की हो रही है।


केरी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत और अमेरिका मिलकर व्यापार विवाद सुलझा लेंगे। भारत ने स्पष्ट रूप से बेहतर पेशकश की है। पीएम मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल हमारे मित्र हैं। भारत ने कई अमेरिकी आयातों पर शून्य पेशकश की है, यह एक बड़ा बदलाव है।

ये अधिकारी भी जता चुके चिंता इससे पहले व्हाइट हाउस के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी जॉन बोल्टन ने कहा था कि ट्रंप ने रूसी तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ लगाए, लेकिन चीन पर नहीं लगाए जो रूस से काफी ज्यादा तेल खरीदता है, तो इससे भारत को शायद चीन-रूस के गठबंधन की ओर धकेल दिया गया। ट्रंप प्रशासन की यह रणनीतिक चूक अनावश्यक गलती है। अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ और पूर्व अमेरिकी व्यापार अधिकारी क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी थी कि टैरिफ से भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचने का खतरा हो सकता है। उन्हें डर था कि इससे बाद में यह सवाल उठ सकता है कि क्या अमेरिका एक विश्वसनीय साझेदार है, क्योंकि ये टैरिफ हमेशा के लिए याद रह जाएंगे। अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के ट्रंप के कदम की आलोचना की।

# बांग्लादेश में मीडिया पर शिकंजा: हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे**

**ढाका ।** उन्होंने कहा, टेलीविजन चैनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है। हसीना को को पांच अगस्त 2024 को सड़क आंदोलनों के बाद सत्ता से हटाया गया था। वे इस समय अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में कई केस का सामना कर रही हैं, हालांकि अभी सजा नहीं हुई है।



### पिछले साल अवामी लीग की गिर गई थी सरकार

गौरतलब है कि बीते साल जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे।

**मुहम्मद यूनुस ने फरवरी 2026 में चुनाव की घोषणा:** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी।

# चीन में निमार्णाधीन रेलवे पुल ढहा, कम से कम 12 श्रमिकों की मौत, चार अन्य लापता




**बीजिंग ।** चीन में एक प्रमुख नदी पर निमार्णाधीन रेलवे पुल के ढहने से कम से कम 12 श्रमिकों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य लापता बताए जा रहे हैं। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी की हवा से ली गई तस्वीरों में पुल का एक बड़ा हिस्सा गायब दिखाई दे रहा है। पुल के डेक का एक मुड़ा हुआ हिस्सा नीचे नदी में लटक रहा है।

शिन्हुआ के मुताबिक, शुक्रवार तड़के लगभग 3 बजे उत्तर-पश्चिम चीन के किंघई प्रांत में पुल पर 16 श्रमिक काम कर रहे थे, जब एक अभियान के दौरान एक स्टील केबल टूट गई। लापता लोगों की तलाश में नाव, एक हेलीकॉप्टर और रोबोट का इस्तेमाल किया जा रहा है। अंग्रेजी भाषा के अखबार के अनुसार, पुल 1.6 किलोमीटर लंबा है। इसका डेक नीचे नदी की सतह से 55 मीटर ऊपर है।

# सहयोग ट्रस्ट ने वृंदावन सोसाइटी में मनाया 'श्री कृष्णा छठी महोत्सव'





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सहयोग ट्रस्ट द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वृंदावन सोसाइटी में बड़े ही धूमधाम से 'छठी महोत्सव' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में ठाकुरजी के सुंदर भजनों ने पूरे माहौल को वृंदावन जैसा बना दिया, जिससे उपस्थित सभी लोग भक्ति में लीन हो गए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल थे। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, और पूर्व वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा प्रमुख थे। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के मुख से निकले भजनों ने लोगों को भावविभोर कर दिया। सभी श्रोता भक्ति में झूमने लगे और ऐसा प्रतीत हुआ मानो साक्षात लड्डू गोपाल के दर्शन हो रहे हों।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रमुख लोगों में महानगर मंत्री संजीव झा, किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष पंकज भरद्वाज, रालोद की महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी, त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज की जिला अध्यक्ष श्रीमती गीता त्यागी और आदेश त्यागी, पूर्व महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता शर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय सह-प्रभारी कादंबरी कौशिक और वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश मल्होत्रा शामिल थे।

आयोजकों ने सभी अतिथियों और देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया, जिनकी गरिमामय उपस्थिति से यह कार्यक्रम सफल रहा। इस तरह के आयोजनों से समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का संचार होता है।

# नीति खंड तीन में पालतू कुत्ते ने महिला पर किया हमला




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के नीतिखंड-3 में शनिवार सुबह 9:30 बजे दुकान पर सब्जी खरीदने गई थी। दुकान पर युवती पर अचानक से कुत्ते ने हमला कर दिया। युवती के पैर में कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया।

दुकान पर ही दुकानदार ने आवारा कुत्ते को पालने और बांधकर रखने का आरोप है। युवती के भाई ने इंदिरापुरम थाने में दुकानदार के खिलाफ शिकायत दी है। नीतिखंड-3 के मकान नंबर 140 में रहने वाले प्रवीण महतो ने बताया कि कालोनी में ही बने बाजार से उनकी बहन अनुराध सब्जी लेने गई थीं। यहां जितेंद्र वर्मा की हर्षा फूड विलेज के नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि दुकान के सामने कुत्ता बैठा था तो अनुराधा ने उसे हटाने के लिए कहा। दुकानदार ने उसकी नहीं सुनी। आगे बढ़ने पर कुत्ते ने अचानक से अनुराधा पर हमला कर दिया और पैर में काट लिया। अनुराधा नीचे गिर गईं तो आसपास खड़े लोगों ने दौड़कर उन्हों बचाया। दुकानदार पूरा तमाशा देखता रहा। लोगों ने अनुराधा को अस्पताल पहुंचाया और घर पर सूचना दी। इससे पहले भी कुत्ता कई लोगों को काटकर जख्मी कर चुका है। प्रवीण ने बताया कि न तो दुकानदार ने कुत्ते का वैक्सीनेशन कराया है और न ही नगर निगम में इसका पंजीकरण है फिर भी वह दुकान के सामने कुत्ते को बांधकर रखता है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परविंदर यादव ने बताया कि दुकानदार ने बांधकर कुत्ता रखा हुआ है आज जैसी घटना हुई है इस तरह की कभी भी हो सकती है।

# इंदिरापुरम के वैभव खंड में चलाया गया सफाई अभियान, अतिक्रमण कार्यों से वसूला गया चालान




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम ने शनिवार को इंदिरापुरम के वैभव खंड के आसपास सफाई अभियान चलाया। इस दौरान गंदगी करने वालों का चालान भी काटा गया। पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने बताया कि वैभव खंड और इसके आसपास बड़ी संख्या में लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। नालियों पर अतिक्रमण होने से सफाई बाधित हो रही है जिस कारण चारों ओर गंदगी फैली हुई है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर निगम ने शनिवार को व्यापक सफाई अभियान चलाया, इसके तहत अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही नालियों को साफ किया गया। इस अभियान में आदित्य मेगा सिटी के निखिल गुप्ता आशीष केसरवानी, सचिन मेहरा विशाल गुप्ता, ऋषभ सिंघल, हरमीत सोंधी, राहुल शर्मा, शिवम चडढा, आशीष केसरवानी आदि ने भाग लिया।

# पार्षद हिमांशु चौधरी ने वार्ड 40 में नई पानी की लाइन का किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद वार्ड संख्या 40 में पार्षद हिमांशु चौधरी ने पानी की लाइन का शुभारंभ किया। पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया कि साहिबाबाद गांव में पप्पू गुप्ता के मकान से विनेश कौशिक के मकान तक तथा विनोद भगत के मकान से चेतन शर्मा के मकान तक नई पानी की लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पानी की लाइन नगर निगम द्वारा डाली जा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनील कौशिक उर्फ. डब्बू कौशिक, चेतन कौशिक, पप्पू गुप्ता, रामचंद्र, विनेश कौशिक, बॉबी वाल्मीकि आदि लोग मौजूद रहे। पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया कि इस पानी की लाइन डालने से कॉलोनी के निवासियों को भारी राहत मिलेगी तथा अब गंगाजल की नियमित सप्लाई उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य से कॉलोनी के निवासियों में खुशी की लहर है और यह कदम क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में किसानों की समस्या व शिकायतों को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष निमित यादव ने किया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया। जिलाध्यक्ष निमित यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की घोर नाकामी और किसानों के साथ किया जा रहा अन्याय है। योगी सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। यह बेहद शर्मनाक है कि किसान अपनी ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है। जिला महासचिव शैलेश कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी मांग करती है कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। खाद वितरण में भारी भ्रष्टाचार और कालीबाजारी पर रोक लगे और खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए, संबधित दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो, खेती का मौसम चल रहा है, खाद की कमी से बोआई बाधित किसानों को राहत देने के लिए विशेष सहायता पैकेज घोषित किया जाए।

किसानों को प्राथमिकता देकर अन्नदाता के हितों की रक्षा की जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष निमित यादव, जिला महासचिव शैलेश कुमार, सतपाल सिसोदिया, जतिन शर्मा, रवीश सिसोदिया, एडवोकेट इरफान खान, एडवोकेट सुमित देशबंधु, सोढी सिंह, एडवोकेट शरदेंदु शर्मा, अशोक तोमर, लोकेश प्रजापति, वीरेंद्र दत्त, प्रशांत गुप्ता, अनुज शर्मा, सिराजुद्दीन फारुकी, पुष्पा जी, डॉ आदित्य सिंह, आदित्य मिश्रा, नरेंद्र चावरिया, प्रेमपाल सिंह शाक्य, आदि उपस्थित रहे।

# पार्षद प्रीति जैन ने कैंप लगाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान के कार्ड बने



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 99 वैभव पार्क में पार्षद प्रीति जैन के नेतृत्व में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना द्वारा 70 साल एवं ऊपर के सीनियर सिटीजन का आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप लगाया गया। पार्षद प्रीति जैन ने बताया कि वार्ड 99 के वैभव पार्क में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान कार्ड बने का कैंप लगाया गया था।

उन्होंने बताया कि वार्ड के समस्त 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिक एवं योजना में चिन्हित समस्त लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाए जाएंगे। अंतर्गत लाभार्थी को अस्पताल में भर्ती होने पर सरकार द्वारा 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जाता है। पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने कहा कि कैंप के माध्यम से शनिवार को सीनियर सिटीजन ने लाभ उठाते हुए अपना आयुष्मान कार्ड बनवाए।

# गणेश चतुर्थी के लिए सजे बाजार, लोगों को भा रहे मिट्टी के बने गणपति बप्पा






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के बाजार गणपत्ति बप्पा के आगमन के लिए सजना शुरू हो गए हैं। इसके लिए बाजार में जगह जगह गणपत्ति बप्पा की मुर्तियां सजना शुरू हो गई है। जिसमें मिट्टी के बने इको फ्रेंडली मुर्तियां लोगों की पहली पसंद बन रही है। साहिबाबाद रेलवे रोड के पास यह मुर्तियां 100 से 15 हजार रुपये तक बिक रही है। मुर्ति विक्रेता अमित ने बताया कि ज्यादातर लोग छोटी मुर्तियों की खरीदारी करना पसंद कर रहें हैं क्योंकि लोग छोटी मुर्तियों का विसर्जन घर के अंदर ही कर देते हैं। वहीं यह सभी मुर्तियां इको फ्रेंडली है, इसलिए इनकी बाजार में ज्यादा डिमांड है। इनमें प्राकृतिक रंग जैसे हल्दी, चंदन और फूल का इस्तेमाल होते हैं। ये मुर्तियां हानिकारक रसायन मुक्त होती हैं। ये मूर्तियां पानी में आसानी से घुल जाती हैं और कुछ ही समय में पूरी तरह से विघटित हो जाती हैं, जिससे जल निकायों को कोई नुकसान नहीं होता है। लोगों का मानना है कि साथ ही कहा कि बाद में मूर्ति विसर्जन वाले पानी को अपने घर के पेड़-पौधों में डालना चाहिए। इससे घर भी शुद्ध होता है और गणेश जी की मूर्ति का अनादर भी नहीं होता। इस दौरान लोग गणपति बप्पा की पूजा करते हैं, मोदक अर्पित करते हैं, और विसर्जन के समय भव्य शोभायात्राएं निकालते हैं।

# लोनी में गैंग रेप पीड़िता के परिजनों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल

## फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करने की मांग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने लोनी जाकर गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले बहुत ही दबंग लोग है और उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। वे फिर से कोई घटना को अंजाम दे सकते हैं। कांग्रेस के पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि परिवार की बिटिया के साथ दरिंदगी के बाद परिवार के अन्य सदस्यों में भय व्याप्त है। उन्होंने परिवार को शस्त्र लाइसेंस दिलाने की गुजारिश की है। जब तक शस्त्र लाइसेंस नहीं दिया जाता तब तक पुलिस द्वारा परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

सतीश शर्मा ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता के साथ अमानवीय व्यवहार किया है। पीडिता होने के बाद भी उसे सामान्य तरीके से मेडिकल के लिए एमएममजी भेज दिया। कागजात नहीं होने के कारण करीब 12 घंटे तक मेडिकल नहीं हो पाया। देर रात मेडिकल होने के बाद पीड़िता तड़के 3:00 बजे अपने घर पहुंची, पीड़िता मानसिक रूप से इतनी भयभीत हो गई थी कि उसने आत्महत्या कर ली। इस घटना को लेकर पीड़िता के परिवार बेहद भयभीत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस परिवार के साथ कोई अनहोनी ना हो पाए, जो दोषी पुलिसकर्मी है जिनकी वजह से उसे बच्ची को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो । लड़की जिसने आत्महत्या कि है उसका मोबाइल बरामद किया जाए। तीसरा जो आरोपी है उसे तत्काल प्रभाव गिरफ्तार कर त्वरित कोर्ट में उचित कार्रवाई हो। कम से कम फांसी की सजा मिलनी चाहिए। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटों ने कहा कि लड़की के परिजनों को सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाना चाहिए पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष को दी जाएगी इस प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री दीपक कुमार ,पूर्व विधायक सतीश शर्मा, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सतीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, विशाल वशिष्ठ श्रीमती भारती त्यागी ,पंकज तेजानिया ,खलील नंबरदार, विनीत त्यागी सोनल नगर महिला अध्यक्ष, आसिफ सैफी अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस, कपिल यादव कार्यवाहक अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस ,सूर्यकांत सलीम सैफी ,नरेश जाटव, एडवोकेट कमलेश कुमारी, श्रीमती सविता गौतम ,एडवोकेट चंद्रपाल, बिजेंदर जाटव ,सूरज कुमार जीशान अली सुनील शर्मा विवेक त्यागी, मांगीराम त्यागी, मामराज प्रधान, महेंद्र खटीक जय शर्मा, अजय शर्मा नगर अध्यक्ष मेजर बीके ब्लॉक, अध्यक्ष सलीम, अशोक तोमर, अश्वनी त्यागी, अल्लू मलिक आदि आदि वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मैं घर बसाना चाहती हूं, तोडना नहीं, पति को मुझसे मिलने नहीं दे रहे हैं: राखी पहलवान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मान सम्मान के साथ ससुराल वापस जाने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय के बाहर आमरण अनशन कर रही राखी पहलवान से बात करने और उनका पक्ष जानने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है।

राखी पहलवान से शनिवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य के एक प्रतिनिधि ने फोन पर बात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। राज्य महिला आयोग की सदस्य के प्रतिनिधि ने बताया कि सदस्य को मीडिया से राखी पहलवान के आमरण अनशन के बारे में जानकारी मिली है। इस मामले का समाधान निकालने के लिए राज्य महिला आयोग अवश्य प्रयास करेगा।

वहीं, राखी पहलवान ने करंट क्राइम से कहा कि अब तक किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने उनसे कोई बातचीत करने या उनकी समस्या व परेशानियों का समाधान करने का कोई आश्वासन तक नहीं दिया है। राखी ने कहा कि जब उन्होंने ससुराल वालों के उत्पीडन के विरोध में ससुराल के बाहर धरना दिया था तो नगर निगम की जगह होने का हवाला देते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि इस मामले में दोनों पक्षों के बीच साथ बैठक कर विवाद को सुलझाया जाएगा। राखी ने कहा कि वे ससुराल जाना चाहती है लेकिन पूरे मान सम्मान और सुरक्षा के साथ। ससुराल वालों के दबाव में आकर पति भुवनेश शर्मा ने डायवोर्स का केस फाइल किया है लेकिन वह डायवोर्स नहीं चाहती है।

बल्कि पति और ससुरालवालों के साथ रहना चाहती है। बागपत के खेकडा की मूल निवासी राखी पहलवान जूडो खिलाडी है और स्टेट लेवल पर कई पदक जीत चुकी है।

**यदि इस संघर्ष में न्याय प्राप्त नहीं होता है तो वे जल भी त्याग देंगी। लडते लडते अगर मर गई तो मोमबत्तियां न जलाई जाए, घी के दीए जलाए जाए कि एक और बेटी ने न्याय के लिए अपने प्राण त्याग दिए।**

राखी ने कहा कि पुलिस और प्रशासन ने मेरे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई है। पुलिस ने ससुराल के सामने जबरन धरने से उठाया लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस उन्हें न्याय नहीं दिला सकी तो मजबूरन उन्हें जिला मुख्यालय पर आमरण अनशन करने को मजबूर होना पडा।

राखी ने कहा कि अभी तो उन्होंने अन्न को त्याग दिया है आने वाले दिनों में वे जल को त्याग देंगे। अगर उन्हें कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की होगी। उन्होंने प्रशासन को जारी संदेश में कहा कि यदि इस संघर्ष में न्याय प्राप्त नहीं होता है तो वे जल भी त्याग देंगी। लडते लडते अगर मर गई तो मोमबत्तियां न जलाई जाए, घी के दीए जलाए जाए कि एक और बेटी ने न्याय के लिए अपने प्राण त्याग दिए।

राखी ने कहा कि उनके ससुर पुलिस में दारोगा है। शायद यही कारण है कि पुलिस वालों ने उन्हें ससुराल के घर के बाहर जबरन धरने से उठा दिया। राखी ने कहा कि वह घर परिवार तोडना नहीं चाहती है बल्कि अपने पति के साथ घर बसाना चाहती है। इसके लिए पति को एक बार आकर मुझसे मिलना चाहिए। सास और ससुर उनके पति को उनसे मिलने नहीं देना चाहते है। राखी ने कहा कि उनका पति गाजियाबाद में ही है और अपने माता पिता के दबाव में हैं।

# रोटरी क्लब और रेड क्रॉस सोसायटी की पहल : टीबी रोगियों को मिली पोषण पोटली




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब गाजियाबाद आइडियल और रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद के सहयोग से चल रहे टीबी मुक्त जनपद अभियान के तहत 50 टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। यह कार्यक्रम जिला संयुक्त चिकित्सालय संजय नगर, गाजियाबाद में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब गाजियाबाद आइडियल की रोटेरियन स्वाति जैन ने रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. नेहा गोस्वामी ने स्वाति जैन को अंगवस्त्र भेंट कर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। साथ ही, रेड क्रॉस द्वारा रोटरी परिवार के सदस्यों को टीबी मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति डॉ. सुभाष गुप्ता ने टीबी रोगियों और उनके परिवारजनों को इस बीमारी से लड़ने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। संजय यादव ने टीबी से बचाव के उपायों के बारे में बताया और सभी को अपना टीबी योद्धा बनने के लिए प्रेरित किया।

रोटेरियन विपुल तायल के नेतृत्व में सपना तायल, कपिल गुप्ता, संजीव शर्मा और डॉ. अभिषेक रस्तोगी ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने न केवल पोषण पोटली वितरित की, बल्कि उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया और सेनेटरी पैड बांटे। रेड क्रॉस की टीम से मनोज अग्रवाल और आर.डी. शर्मा का भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।